

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल




■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 210

ग्वालियर, बुधवार, 20 अप्रैल, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## पूर्वोत्तर भारत में क्यों बेमौसम बारिश और तूफान ढा रहे हैं कहर

**नई दिल्ली।** ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन को लेकर वैश्विक स्तर पर कवायद जारी है पर लगता है कि भारत में इसका असर तेज होने लगा है। पूर्वोत्तर असम समेत तीन राज्यों और पश्चिम बंगाल में बेमौसम बरसात और चक्रवाती तूफान में भारी नुकसान के बाद यह सवाल पूछा जाने लगा है। पूरा भारत जहां गर्मी के कहर से जूझ रहा है, वहीं इस इलाके में बरसात और तूफान का बोलबाला है। असम और उसकी सीमा से सटे पश्चिम बंगाल के कुछ इलाकों में इस तूफान से कम से 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि घायलों की तादाद सैकड़ों में है। भारी बारिश और तूफान ने हजारों घरों को नुकसान पहुंचाया है। भारतीय मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के दौरान अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में गरज के साथ बारिश या बिजली गिरने की भविष्यवाणी की है। असम में शनिवार को भीषण तूफान के साथ आसमानी बिजली गिरने के कारण कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार बीते गुरुवार से ही असम के कई हिस्सों में बोरदोइसिला ने कहर ढाया है। राज्य में गर्मियों के मौसम में आंधी के साथ होने वाली बारिश को बोरदोइसिला कहा जाता है। आंधी से कई इलाकों में बिजली के खंभे उखड़ गए हैं। नतीजतन कई इलाको में बिजली की सप्लाई ठप हो गई है। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि 12 हजार से अधिक घरों को नुकसान पहुंचा है। राज्य के 12 जिलों के करीब तीन सौ गांवों के 20 हजार से ज्यादा लोग इससे प्रभावित हुए हैं। 47 गांवों के 1000 घरों को नुकसान मेघालय के री-भोई जिले में भी चक्रवाती तूफान ने तबाही मचा रखी है। इस तूफान ने अब तक 47 गांवों के 1000 से ज्यादा घरों को नुकसान पहुंचाया है। कई लोग बेघर हो चुके हैं। लगातार हो रही तेज बारिश से स्थिति काबू में नहीं आ रही है। राज्य में बीते तीन दिनों से होने वाली भारी बारिश के साथ आए तूफान के कारण बिजली की सप्लाई में बाधा पहुंची है। हालांकि इस तूफान में किसी के मरने या घायल होने की कोई सूचना नहीं मिली है। राज्य के वेस्ट गारो हिल्स, खासी हिल्स और पूर्वी जयंतिया जिलों के कुछ इलाकों में अब भी बरसात जारी है। उधर, मिजोरम के कोलासिब और मामित जिलों में भारी बारिश और ओलावृष्टि के साथ आए भीषण तूफान ने एक चर्च की इमारत सहित 200 से अधिक घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया।



## सोनिया से मिलीं महबूबा, तेज हुई यूपीए में शामिल होने की अटकलें

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती सोमवार की शाम कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी से मिलने के लिए 10 जनपथ पहुंचीं। उन्होंने एक अहम बैठक में भी हिस्सा लिया। इस बैठक में प्रियंका गांधी वाड्रा, मुकुल वासनिक,



रणदीप सिंह सुरजेवाला, केसी वेणुगोपाल और अंबिका सोनी भी मौजूद रहे। माना जा रहा है कि केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर फैसला परिसीमन आयोग की रिपोर्ट आने के बाद लिया जा सकता है। हाल ही में परिसीमन आयोग ने जम्मू-कश्मीर की दो दिवसीय यात्रा की थी। जहां पर आयोग ने प्रतिनिधिमंडल और क्षेत्र के लोगों के साथ सीधे बातचीत करने का फैसला किया था। कांग्रेस और पीडीपी जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद गठित परिसीमन आयोग के खिलाफ हैं। ऐसे में दोनों पार्टियों के एकसाथ आने की संभावना है। इतना ही नहीं पीडीपी प्रमुख के यूपीए में एकबार फिर से शामिल होने को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं।

## केरल हाईकोर्ट का आदेश, ईसाई महिला को अपने मुस्लिम पति के साथ रहना होगा

### नवविवाहित जोड़े ने लवजिहाद के आरोपों का खंडन किया




**कोच्चि।** केरल हाईकोर्ट ने ईसाई महिला के डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) के मुस्लिम नेता के साथ विवाह करने के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। महिला के फैसले ने राज्य में उस समय राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया, जब उसके संबंधियों ने इस लव जिहाद का मामला बताया, लेकिन महिला ने अदालत को स्पष्ट रूप से बताया कि उस अवैध तरीके से कैद करके नहीं रखा गया है और वह इस समय अपने परिवार से बात नहीं करना चाहती। न्यायमूर्ति वी जी अरुण और न्यायमूर्ति सी एस सुधा की पीठ ने महिला, ज्योत्सना मैरी जोसेफ से बातचीत करने के बाद कहा कि उसने साफ-कहा कि उसने शेजिन से अपनी मर्जी से विवाह करने का फैसला किया और महिला को किसी ने ऐसा करने के लिए बाध्य नहीं किया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि उसने (महिला) यह भी कहा कि वह इस समय अपने माता-पिता या परिवार से बात नहीं करना चाहती और बाद में वह ऐसा करेगी। अदालत ने युवती के परिवार को बताया कि महिला ने कहा है कि वह अपने विवाह के बाद उनसे मिलने का इरादा रखती है।

### पशुपालक महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा- बाबा बने हैं तो थोड़ा हिन्दी भी बोलना पड़ेगा

## पीएम मोदी ने दियोदर में बनास डेयरी प्लांट किया लोकार्पण, महिलाओं ने ली बलैया



**बनासकांठा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात यात्रा के दूसरे दिन आज बनासकांठा जिले के दियोदर में बनास डेयरी के नवनिर्मित प्लांट समेत विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया राज्य के पूर्व मंत्री शंकर चौधरी के साथ पीएम मोदी ने बनास डेयरी प्लांट का निरीक्षण किया इस मौके पर डेयरी में काम करने वाली महिलाओं ने पीएम मोदी की बलैया ली पीएम मोदी ने पोटेटो प्रोसेसिंग और प्रोडक्ट यूनिट का ई लोकार्पण किया यह दुनिया का पहला पोटेटो प्रोसेसिंग प्लांट है, जिसमें आलू टिक्की, फ्रेंच फ्राइज, बर्गर समेत 4 वस्तुएं बनेंगी पीएम मोदी ने बनास गोबर गैस प्लांट और बायो सीएनजी स्टेशन धामा का ई लोकार्पण किया इसके अलावा खीमाणा, रतनपुर, राधनपुर और थावर समेत 4 गोबर प्लांट का भी ई लोकार्पण किया इस अवसर पर महिला पशुपालकों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आपसे क्षमा और अनुमति हो तो थोड़ा हिन्दी बोलना चाहता हूं क्योंकि मीडिया के लोगों का अनुरोध है अब बाबा बने हैं तो थोड़ा हिन्दी बोलना पड़ेगा मां नडेश्वरी और मां अंबाजी की पावन भूमि को शत शत नमन करता हूं उन्होंने कहा कि शायद जीवन में पहली बार ऐसा अवसर आया है, जब एक साथ दो लाख से अधिक माताएं और बहनें आशीर्वाद देने आई हैं जब वे मेरी बलैया ले रही थीं, तब अपने मन को रोक नहीं पाया यह आशीर्वाद मेरे लिए अनमोल है और मैं बनास की सभी माता और बहनों को आदर पूर्वक नमन करता हूं पिछले दो घंटों में यहां मैं कई जगह गया सरकारी योजना की लाभार्थी महिलाओं के साथ भी बातचीत की और प्लांट का दौरा भी किया इस दौरान मैंने जो भी देखा उससे काफी प्रभावित हूं भारत में गांव की अर्थ व्यवस्था और माता-बहनों के सशक्तिकरण को किस प्रकार बल दिया जाए सरकार किस प्रकार आत्मनिर्भर भारत अभियान को ताकत दे, इन सबका यहां प्रत्यक्ष अनुभव हुआ है कुछ महीने पहले मुझे बनारस में बनास काशी परिसर के शिलान्यास के अवसर मिला था इसके लिए मैं बनास डेयरी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं जिसने मेरे निर्वाचन क्षेत्र में आकर वहां के किसानों की सेवा करने का संकल्प किया है काशी का सांसद होने के नाते मैं आपका ऋण हूं और खासकर बनास डेयरी का आभार व्यक्त करता हूं पीएम मोदी ने कहा कि आज यहां बनास डेयरी प्लांट के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने से कई गुनी खुशी बढ़ गई है आज यहां जो भी लोकार्पण और शिलान्यास किए हैं, वह भविष्य निर्माण के उत्तम उदाहरण हैं बनास डेयरी के चीज और व्हे प्लांट इत्यादि डेयरी सेक्टर के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं, परंतु बनास डेयरी ने तो यह भी साबित कर दिया है कि स्थानीय किसानों की आय बढ़ाने के लिए अन्य संसाथनों का भी उपयोग किया जा सकता है उन्होंने कहा कि आलू और दूध कोई लेना-देना नहीं है, परंतु बनास डेयरी ने यह संबंध भी जोड़ दिया है।



## बायोमेट्रिक प्रणाली से दर्ज की जाए विश्वविद्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति : आनंदीबेन पटेल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कार्मिकों की उपस्थिति बायोमेट्रिक प्रणाली से अनिवार्य रूप से दर्ज कराने का दिशा निर्देश जारी किया है। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव महेश गुप्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। गुप्ता के मुताबिक राज्यपाल ने सोमवार को राज्य विश्वविद्यालयों के सभी कुलपतियों और उच्च शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, आयुष और खेलकूद आदि विभागों के अपर मुख्य सचिवों व प्रमुख सचिवों को पत्र भेजकर इस व्यवस्था को लागू कराने के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल ने कहा कि यह व्यवस्था विश्वविद्यालय में हर हाल में 30 मई तक अनिवार्य रूप से लागू करा दी जाए ताकि जून माह का वेतन इसी प्रणाली से आरंभ हो और आगे अनवरत चलता रहे। राज्यपाल ने अपने पत्र में स्पष्ट कहा है कि समीक्षा बैठकों और राजभवन में आगंतुकों से यह तथ्य संज्ञान में आया है कि प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कार्मिक नियत समय अवधि में उपस्थित नहीं होते हैं और अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कुछ शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कार्मिक तो सुबह आते हैं किंतु दोपहर तक प्रस्थान कर जाते हैं। उन्होंने समयबद्धता और दायित्वों के निर्वहन पर जोर देते हुए सभी राज्य विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कार्मिकों की उपस्थिति बायोमेट्रिक प्रणाली से अनिर्वाय रूप से दर्ज कराने का दिशा निर्देश दिया।

## मुंबई नहीं दिल्ली बना रहा कोरोना का नया हॉट स्पॉट, संक्रमण की दर 7.72 प्रतिशत हो गई



**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना संक्रमण के 1247 नए मामले सामने आए हैं। रविवार की तुलना में कम हुए मरीजों ने राहत दी है, लेकिन दिल्ली के आंकड़ों ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। राजधानी में एक दिन में कोविड-19 के 501 नए मरीज मिले हैं। यह कुल नए मामलों का करीब 40 फीसदी है। वहीं, कभी सबसे ज्यादा प्रभावित रहे महाराष्ट्र में 59 मरीज मिले हैं। दिल्ली मरीजों की संख्या के अलावा दिल्ली में संक्रमण दर भी चिंता का कारण बनी हुई है। दिल्ली में कोरोना संक्रमण दर सोमवार को बढ़कर 7.72 प्रतिशत हो गई है। जबकि, रविवार को यह आंकड़ा 4.21 प्रतिशत पर था। हालांकि, रविवार की तुलना में राजधानी में सोमवार को 16 कम मामले आए, लेकिन कुल नए मरीजों की संख्या के लिहाज से यह शीर्ष पर है। दिल्ली में फिलहाल, 211 मरीजों का इलाज जारी है। दिल्ली के बाद दूसरे नंबर पर हरियाणा है। जहां सोमवार को 234 नए मरीज मिले हैं और 148 मरीज बीमारी से उबर गए। यहां 86 मरीजों का इलाज चल रहा है। अगर दिल्ली और हरियाणा के राज्यों को मिलाया जाए,तब यह नए मामलों का करीब 59 फीसदी है। सोमवार को केवल उत्तरप्रदेश में ही कोरोना के चलते एक मरीज की मौत हुई है। दिल्ली में कोविड-19 के 501 नए मामले सामने आने से यहां संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 18 लाख 69 हजार 051 हो गई है। वहीं, अब तक 26 हजार 160 मरीजों की मौत हो चुकी है। भारत में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के 1,247 नए मामले सामने आए, 928 लोग स्वस्थ हुए और 1 मरीज की मौत हुई। नए आंकड़ों को मिलाकर देश में मरीजों की संख्या 4 करोड़ 30 लाख 45 हजार 527 हो गई है। वहीं, अब तक 5 लाख 21 हजार 966 मरीज जान गंवा चुके हैं।

## शहबाज शरीफ के नए मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों ने ली शपथ



**इस्लामाबाद।** नए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के 34 मंत्रियों वाले नए कैबिनेट ने मंगलवार को शपथ ली। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी की गैरमौजूदगी में सीनेट चेयरमैन सादिक सांजरानी ने सभी मंत्रियों को शपथ दिलाई है। रिपोर्टों के अनुसार राष्ट्रपति अल्वी ने शपथ समारोह में शामिल होने से इंकार कर दिया था। स्थानीय समयानुसार सोमवार रात 8.30 बजे ही इन मंत्रियों को शपथ लेना था, लेकिन जब प्रधानमंत्री कार्यालय ने राष्ट्रपति कार्यालय से संपर्क किया तब अल्वी ने शपथ दिलाने से इंकार कर दिया था। बता दें कि पिछले सप्ताह भी सांजरानी ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को शपथ दिलाई थी, क्योंकि राष्ट्रपति अल्वी तबियत खराब होने को लेकर अवकाश पर चले गए थे। देश के कैबिनेट विभाग की ओर से नए मंत्रियों की लिस्ट जारी की गई है। जिसमें 30 केंद्रीय मंत्रियों, चार राज्य मंत्री और तीन प्रधानमंत्री के सलाहकार शामिल हैं।

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के चेयरमैन बिलावल भुट्टो जरदारी मंत्रियों में नहीं थे। पहले ऐसी अफवाह थी कि वे देश के अगले विदेश मंत्री हो सकते हैं। शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी को 13 मंत्रालय और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) को नौ मंत्रालय सौंपे गए। इसके अलावा जमियत उलेमा-ए-इस्लाम-फज्ल और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान को दो मंत्रालय दिए गए हैं। गठबंधन की अन्य पार्टियों में बलूचिस्तान अवामी पार्टी (बीएपी), पाकिस्तान मुस्लिम लीग-कैद और जम्होरी वतन पार्टी को एक-एक मंत्रालय सौंपा गया है। पीएमएल-एन से दो और पीपीपी से एक राज्य मंत्रियों को नियुक्त किया गया। पीपीपी के एक और पीएमएल-एन के दो सदस्यों को प्रधानमंत्री का सलाहकार नियुक्त किया गया है।

## रूसी सेना ने पूर्वी मोर्चे पर शुरू किया बड़ा जमीनी हमला: यूक्रेन



**कीव।** रूसी सेना ने मंगलवार को पूर्वी यूक्रेन में देश के औद्योगिक गढ़ पर नियंत्रण करने के लिए जमीनी स्तर पर बड़ा हमला शुरू किया है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने मंगलवार तड़के कहा कि रूसी सेना ने डोनबास क्षेत्र पर पूर्ण नियंत्रण के लिए अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। जनरल स्टाफ ने एक बयान में कहा कि कब्जा करने वालों ने सीमा पर लगे हमारे सुरक्षा घेरे को तोड़ने की कोशिश की।

हमले सोमवार को 300 मील से अधिक लंबे मोर्चे पर किए गए, उनका लक्ष्य लुहांस्क और डोनेट्स्क क्षेत्र हैं। रूसी सेना पड़ोसी खारकीव सहित कई क्षेत्रों में आगे बढ़ने की कोशिश कर रही है। जनरल स्टाफ ने बताया कि दक्षिणी डोनेट्स्क में रूसी सेना ने रणनीतिक बंदरगाह शहर मारियुपोल की नाकाबंदी और गोलाबारी जारी रखी है और अन्य शहरों में भी मिसाइल दाग रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने पूर्वी यूक्रेन पर कब्जा करने के लिए हमला शुरू कर दिया है। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा अब हम बता सकते हैं कि रूसी बलों ने डोनबास के लिए युद्ध आरंभ कर दिया है। इस अभियान में पूरी रूसी सेना का एक बड़ा हिस्सा लगाया गया है।

मॉस्को समर्थित अलगाववादी आठ साल से ज्यादातर रूसी भाषी डोनबास में यूक्रेनी सेना से लड़ रहे हैं और उन्होंने दो स्वतंत्र गणराज्यों की घोषणा की है जिन्हें रूस ने मान्यता दी है। रूस ने डोनबास पर कब्जा करना युद्ध में अपना मुख्य लक्ष्य घोषित कर दिया है क्योंकि राजधानी कीव को जब्त करने का उसका प्रयास विफल हो गया है।

## खास खबर

### काबुल में हाई स्कूल के पास तीन धमाके, अब तक 20 लोगों की मौत, कई घायल

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में मंगलवार सुबह तीन जबरदस्त धमाके हुए हैं। ये धमाके अलग-अलग जगहों पर हुए हैं। धमाकों में मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 20 पहुंच गया है। इसके अलावा कई लोग घायल भी हैं। घटना के बाद काबुल में हड़कंप मच गया है। वहीं सुरक्षा एजेंसियां इन धमाकों की जांच कर रही हैं। खबरों के मुताबिक, तीनों धमाके पश्चिमी काबुल में हुए हैं। चश्मदीदों ने बताया कि पहला धमाका एक ट्रेनिंग सेंटर के पास, दूसरा धमाका अब्दुल रहीम शहीद हाई स्कूल के सामने हुआ है। तीसरा धमाका भी इसी जगह के आसपास हुआ है। ये धमाके उस वक्त हुए, जब स्कूली बच्चे अपनी क्लास के लिए जा रहे थे। बताया जा रहा है कि पहला धमाका मुमताज नाम के एक ट्रेनिंग सेंटर के पास हुआ। ये धमाका हैंड ग्रेनेड से किया गया है। धमाके में कम से कम 20 लोग मारे गए हैं। आंतरिक मंत्रालय ने अब्दुल रहीम शहीद हाई स्कूल के पास विस्फोट की पुष्टि की है। मंत्रालय ने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। अभी तक हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है। पूरे इलाके को सील किया गया है। बता दें कि इससे पहले इसी महीने की शुरुआत में भी काबुल में बम धमाका हुआ था। ये धमाका काबुल के मनी एक्सचेंज मार्केट में हुआ था। हमले में दो मनी एक्सचेंजर्स घायल हुए थे।

### चुनाव होने हैं इसकारण इन जगहों पर भड़क रही हिंसा : संजय राउत

**मुंबई।** दिल्ली की जहांगीरपुरी हिंसा पर शिवसेना नेता संजय राउत ने बड़ा बयान दिया है। राउत ने कहा कि जिस तरह से देश के दो बड़े शहरों में दंगों का माहौल बनाया जा रहा है, वह दुखद है। दिल्ली में नगर निकाय चुनाव होने हैं, इसकारण इसतरह के हालात बनाए जा रहे हैं। मुंबई में भी बीएमसी के चुनाव होने हैं। बता दें कि हनुमान जयंती के बाद लगातार चौथे दिन भी जहांगीरपुरी इलाके में बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात हैं। मंगलवार की सुबह सामान्य गतिविधियां देखी गईं, लेकिन स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में आने के बाद ही सुरक्षा बलों को यहां से पूरी तरह हटाया जा सकेगा। इसमें कुछ और दिन लग सकते हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, जहांगीरपुरी में हिंसा प्रभावित इलाके में पुलिस बल तैनात है। पुलिस की टीम ने रात में भी गश?त लगाती रही है, वहीं ड्रोन के जरिए भी निगरानी की गई है। वहीं, जहांगीरपुरी में शनिवार को जुलूस पर पथराव के बाद भड़की हिंसा की जांच तेजी से चल रही है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक क्राइम ब्रांच की 14 टीमें आरोपियों की तलाश में लगी हुई हैं। पुलिस अब तक 26 आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। दिल्ली पुलिस का दावा है कि इस हिंसा में अब तक 100 से ज्यादा उपद्रवियों की पहचान हो चुकी है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उधर, दिल्ली पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### जहांगीरपुरी हिंसा मामले में गृहमंत्री शाह की पुलिस को दो टूक, कड़ी कार्रवाई करे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जहांगीरपुरी में हनुमान जयंती के मौके पर निकाली गई शोभा यात्रा के दौरान हुई हिंसा में लगातार जांच-पड़ताल हो रही है। मामले को लेकर अब तक 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इलाके में अब भी शांतिपूर्ण तनाव है। इस कारण है कि वर्तमान में वहां सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। हिंसा की जांच के लिए दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कई योजनाओं पर काम करना शुरू कर दिया है। इसके अलावा अलग-अलग जांचों के लिए 14 टीमें बनाई गई है। इलाके में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए पुलिस अमन कमेटी के साथ बैठक कर रही है। इसके साथ ही किसी भी तरह की अफवाह एवं गलत सूचना को फैलने से रोकने के लिए पुलिस जुटी हुई है। लोगों से भी लगातार अपील की जा रही है, कि वे अफवाहों पर ध्यान ना दें। क्षेत्र पर कड़ी निगरानी के लिए ड्रोन की मदद ली जा रही है। दूसरी ओर दिल्ली पुलिस ने कहा कि जहांगीरपुरी इलाके में बिना अनुमति के धार्मिक शोभायात्रा निकालने पर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस ने हनुमान जयंती पर शोभायात्रा के दौरान हिंसा के मामले में विहिप जिला सेवा प्रमुख प्रेम शर्मा को हिरासत में लिया लेकिन पूछताछ के बाद में छोड़ दिया गया। पुलिस उपायुक्त (उत्तर पश्चिम) ऊषा रंगनानी ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत मामला दर्ज हुआ है। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के शनिवार शाम को शोभायात्रा निकाली गई इस सिलसिले में विश्व हिंदू परिषद के जिला सेवा प्रमुख प्रेम शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस को मामले में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश सोमवार को दिए है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### वेदांत माधवन ने डेनिश ओपन में स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली** । भारत के उभरते हुए तैराक वेदांत माधवन ने कोपेनहेगन में हुए डेनिश ओपन तैराकी की पुरूषों की 800 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। बॉलीवुड अभिनेता आर माधवन के पुत्र वेदांत ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 8ः17.28 के समय के साथ जीत दर्ज की है। उन्होंने स्थानीय तैराक अलेक्जेंडर एल ब्योर्न को 0.10 सेकंड से हराया। वेदांत का प्रदर्शन टूर्नामेंट हर टूर्नामेंट के साथ ही बेहतर होता जा रहा है। इससे पहले उन्होंने 1500 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक जीता और 200 मीटर फ्रीस्टाइल में अपनी टाइमिंग बेहतर की थी। वहीं भारत के ही अनुभवी तैराक साजन प्रकाश ने पुरूषों की 100 मीटर बटरफ्लाय ए के फाइनल में 54.24 सेकंड के साथ ही पांचवा स्थान हासिल किया। वहीं तानिश जॉर्ज मैथ्यू सी फाइनल में 56.44 के साथ शीर्ष रहे। हीट्स के शीर्ष आठ तैराक ए फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। अगले आठ बी में और उसके अगले आठ सी में उतरते हैं। वहीं महिला वर्ग में शक्ति बालाकृष्णन 200 मीटर फ्रीस्टाइल में 42 तैराकों में 34वें स्थान पर रहे।

### लय बरकरार नहीं रखने के कारण हारेः श्रेयस

**मुंबई** । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स के हाथों मिली करारी हार से केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर निराश हैं। अय्यर के अनुसार उनकी टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की थी पर वह लय कायम नहीं रख पाये। इसी कारण उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा है। रॉयल्स के 218 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर की टीम 19.4 ओवर में 210 रन ही बना पायी। रॉयल्स ने इससे पहले जोस बटलर की 103 रनों की शतकीय पारी के अलावा देवदत्त पडिक्कल 24 के साथ पहले विकेट के लिए 97 और कप्तान संजू सैमसन 38 के साथ दूसरे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की सहायता से पांच विकेट पर 217 रन बनाए थे। अय्यर ने कहा, 'फिंच की अच्छी बल्लेबाजी के कारण हम शुरुआत से ही तेज गति से रन बना रहे थे पर हम इस लय को कायम नहीं रख पाए, हालांकि यह खेल का ही एक हिस्सा है।

### सहवाग ही मेरी गेंदबाजी का सही से सामना कर पाये : नरेन

**मुंबई** । कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के रहस्यमयी स्पिनर सुनील नरेन ने कहा है कि अब तक केवल वीरेंद्र सहवाग ही उनकी गेंदबाजी को अच्छे तरीके से खेल पाये हैं। नरेन के अनुसार सहवाग एक ऐसे व्यक्ति थे जिसने हमेशा खेल को जारी रखा, चाहे टीम किसी भी स्थिति में हो, वह उसी तरह से बल्लेबाजी करते रहे जैसा उन्होंने की पहले की थी। नरेन सत्र में अब तक केकेआर के सबसे किफायती गेंदबाज के रूप में उभरा है, जिसमें प्रति ओवर लगभग पांच रन की इकॉनमी है। उन्होंने इस सीजन में किसी भी गेंदबाज के लिए न्यूनतम 15 ओवर फेंकने के लिए दूसरी सबसे कम सीमाएं भी स्वीकार की हैं। वहीं यह पूछे जाने पर कि वह आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में कड़ी मेहनत करने वालों को वह कैसे अपनी गेंदों से परेशान करते हैं तो इस गेंदबाज ने कहा कि यह मूल रूप से चीजों को सरल रखने के लिए है। अगर मैं एक अच्छी गेंद फेंकता हूं और बल्लेबाज उस पर छक्का लगाता है, तो मैं बहुत ज्यादा पढ़ने की कोशिश नहीं करता। मैं शायद एक ही गेंद फेंकने की कोशिश करता हूं क्योंकि बल्लेबाज लगातार एक ही शॉट नहीं लगाते हैं।

# दहिया , पुनिया सहित पहलवानों के लिये 1.28 करोड़ रुपये मंजूरः साइ

**नई दिल्ली** । भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने कहा है कि मंगोलिया में मंगलवार से शुरू हो रही सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में पहलवानों के भाग लेने के लिए एक करोड़ 28 लाख रुपये की राशि मंजूर की गयी है। इस चैंपियनशिप में ओलंपिक पदक विजेता रवि दहिया और बजरंग पुनिया सहित 30 भारतीय पहलवान भाग लेंगे। फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन श्रेणियों में कुल 20 पुरुष खिलाड़ी तथा 10 महिला खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों से पहले एक तरह की अभ्यास प्रतियोगिता है।

साइ ने कहा, ''दोनों टीम के लिये सरकार की तरफ से कुल मिलाकर 1.28 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है।'' टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाली अंशु मलिक ने कहा कि वह मंगोलिया में होने वाले इस टूर्नामेंट को लेकर उत्साहित हैं। अंशु ने कहा, ''मैं विभिन्न अंतरराष्ट्रीय शिविरों का हिस्सा रही हूं और लखनऊ में साइ के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में विश्व स्तरीय सुविधाएं पाकर मुझे खुशी हो रही है। मैं और मेरे साथी आगामी प्रतियोगिताओं में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिये तैयार हैं।''

भारतीय महिला टीम एशियाई चैंपियनशिप से पहले जहां साइ लखनऊ में अभ्यास कर रही थी, वहीं पुरुष पहलवान साइ क्षेत्रीय केंद्र, सोनीपत का हिस्सा रहे हैं।





### एशियाई चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ी

पुरुष टीमः फ्रीस्टाइल- रवि दहिया, मंगल कादियान, बजरंग पुनिया, नवीन, यश, गौरव बलियान, दीपक पुनिया, विकी, सत्यव्रत कादियान, अनिरुद्ध कुमार।
ग्रीको-रोमन - अर्जुन हलकुर्की, ज्ञानेंद्र, नीरज, सचिन सहरावत, विकास, साजन, हरप्रीत सिंह, सुनील कुमार, रवि, प्रेम।
महिला टीमः मनीषा, स्वाति शिंदे, सुषमा शौकीन, अंशु मलिक, सरिता मोर, मनीषा, राधिका, सोनिका हुड्डा, निक्की, सुदेश।

# आईपीएल में आज आरसीबी और सुपर जाइंट्स होगी आमने-सामने

### शाम 7.30 बजे शुरू होगा मुकाबला



**मुंबई** । आईपीएल में मंगलवार को नई टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) से होगा। दोनो ही टीमें अभी अंक तालिका में आठ-आठ अंक लेकर बराबरी पर हैं, ऐसे में दोनो ही इस मैच में जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। कप्तान लोकेश् राहुल जहां लखनऊ की कप्तानी कर रहे हैं वहीं फाफ डुप्लेसी के हाथें में आरसीबी की कमान है। लखनऊ के पास राहुल के अलावा क्विंटोन डिकॉक, मनीष पांडे जैसे बल्लेबाज हैं जबकि आरसीबी के पास ग्लेन मैक्सवेल और दिनेश कार्तिक जैसे बल्लेबाजी हैं। कार्तिक ने पिछले मैच में शानदार बल्लेबाजी कर अपनी टीम को जीत दिलायी थी ऐसे में उनका मनोबल बढ़ा हुआ है। आरसीबी ने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हराया था जबकि लखनऊ ने मुम्बई इंडियंस को। ऐसे में दोनो ही टीमें बेहद संतुलित हैं। लखनऊ के खिलाफ आरसीबी को अपने शीर्षक्रम की बल्लेबाजी को सही करना होगा। पहले मैच के बाद से ही कप्तान फाफ डु प्लेसी रन नहीं बना पाये हैं। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज अनुज रावत भी अब तक टीम को अच्छी शुरुआत नहीं दे पाये हैं। टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली भी पहले वाली लय में नहीं दिखे हैं हालांकि मैक्सवेल के आने से बल्लेबाजी बेहतर हुई है। इस सत्र में विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक के अच्छे प्रदर्शन से आरसीबी की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। इसके अलावा पिछले मैच में युवा शाहबाज अहमद ने भी अच्छी बल्लेबाजी की थी। वहीं दूसरी ओर गेंदबाजी की बात करें तो आरसीबी के जोश हेजलवुड ने दिल्ली के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की थी और वह इस सिलसिले को जारी रखना चाहेंगे। इसके अलावा श्रीलंकाई लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा और हर्षल पटेल भी विरोधी टीम के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाएंगे। लखनऊ के कप्तान राहुल ने अब तक 235 रन बना चुके हैं और राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर के 272 रनों वह कुछ ही पीछे हैं , ऐसे में उनका लक्ष्य अधिक से अधिक रन बनाकर बटलर को पीछे छोड़ना होगा।

**टीमें:** लखनऊ सुपरजाइंट्स ः लोकेश राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, मनीष पांडे, दीपक हुड्डा, कृणाल पंड्या, इविन लुईस, मार्कस स्टोइनिस, जेसन होल्डर, एंड्रयू टाइ, काइल मायर्स, आवेश खान, दुष्मंता चमीरा, रवि बिश्नोई, आयुष बडोनी, मनन वोहरा, कृष्णप्पा गौतम, शाहबाज नदीम, अंकित राजपूत, मयंक यादव, मोहसिन खान और करण शर्मा।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ः विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल, मोहम्मद सिराज, फाफ डुप्लेसी, हर्षल पटेल, वानिंदु हसरंगा, दिनेश कार्तिक, जोश हेजलवुड, शाहबाज अहमद, अनुज रावत, आकाश दीप, महिपाल लोमरोर, फिन एलन, शेरफेन रदरफोर्ड, जेसन बेहरेनडॉर्फ, सुयश प्रभुदेसाई, चामा मिलिंद, अनीश्वर गौतम, कर्ण शर्मा, डेविड विली, रजत पाटीदार, सिद्धार्थ कौल।

# टाइटंस से मिली हार पर निराश हैं फ्लेमिंग



**पुणे** । चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने गुजरात टाइटंस से मिली हार पर निराश व्यक्त करते हुए कहा है कि उनकी टीम अंतिम पांच ओवरों का लाभ नहीं उठा पायी। वहीं टाइटंस के डेविड मिलर और राशिद खान ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को जीत दिलायी।

फ्लेमिंग ने कहा कि मैच में हार के कई कारण रहे पर मुख्य कारण डेविड मिलर और राशिद की बल्लेबाजी रही। इसके अलावा अंतिम पांच ओवर भी अहम रहे। हमारी पारी में उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की जबकि हम लाभ नहीं उठा पाये। अंतिम पांच ओवरों की अपनी अच्छी बल्लेबाजी से टाइटंस टीम ने मैच अपनी ओर कर दिया। फ्लेमिंग के अनुसार यह मैच आसान नहीं रहा था। हम खेल में थे और हम बल्ले से नियंत्रण में थे और जिस तरह की हमने शुरुआत की थी, हम वास्तव में अच्छी स्थिति में थे। इसलिए, वहां से मैच हारना बहुत कठिन रहा। विरोधी टीम ने अच्छी तरह से खेलते हुए मैच पर कब्जा कर लिया। सीएसके टीम को अपने स्टार तेज गेंदबाज दीपक चाहर के बिना ही खेलना पड़ रहा है। चाहर चोटिल होने के कारण बाहर हैं, उनकी जगह किसी अन्य गेंदबाज की तलाश जारी है।

# अय्यर में कप्तानी के स्वाभाविक गुण : शास्त्री



**मुंबई** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर को स्वाभाविक नेतृत्वकर्ता करार दिया है। दिल्ली कैपिटल्स छोड़ने वाले श्रेयस को इस 15 वें सत्र में मेगा नीलामी में खरीदने के बाद केकेआर ने कप्तान बनाया था। इसके बाद से ही टीम ने उनकी कप्तानी में अच्छा प्रदर्शन करते हुए छह में से तीन मैच जीते हैं। शास्त्री के अनुसार जैसे ही टूर्नामेंट और आगे बढ़ेगा श्रेयस कप्तान के रुप में और बेहतर होते जाएंगे। शास्त्री ने कहा कि जिस प्रार अय्यर आक्रामक रुख अपनाते हैं उससे यह जाहिर होता है कि कप्तानी उनके स्वभाव में है। उन्हें देखकर कोई नहीं कह सकता कि वह पहली बार केकेआर की कप्तानी कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि वह पिछले तीन या चार सत्र से टीम का नेतृत्व कर रहे है और यह बात उनके विचारों से भी साबित हो रही है। उनके दिमाग में यह बात साफ है कि उन्हें एक बल्लेबाज के रूप में किस तरह से क्रिकेट खेलने की जरूरत है। साथ ही, उन्हें पता है कि एक कप्तान के रूप में उन्हें अपनी टीम को प्लेऑफ में पहुंचाना और फिर खिताब जीतना है। शास्त्री ने कहा कि मैच से पहले और बाद उन्होंने जिस तरह से बात की है, वह मुझे पसंद आया और इससे पता चलता है कि वह योजना को लेकर बिल्कुल स्पष्ट हैं।

## व्यापार न्यूज

### एशियाई बाजारों में तेजी, अमेरिकी बाजार गिरे

**टोक्यो** । एशियाई बाजारों में मंगलवार को तेजी का माहौल रहा। वहीं दुनिया भर के बाजारों से सकारात्मक संकेत मिले हैं हालांकि अमेरिकी बाजार गिरे हैं। एशियाई बाजारों में भी तेजी देखने में आई है। एसजीएक्स निफ्टी 20 अंक ऊपर आया है। वहीं, निक्केई करीब 0.25 फीसदी बढ़त के साथ ही 26,860.59 के आसपास कारोबार कर रहा है। स्ट्रेट टाइम्स में भी 0.70 फीसदी की तेजी आई है। वहीं ताइवान का बाजार 0.95 फीसदी की बढ़त के साथ ही 17,052.79 के स्तर पर कामकाज कर रहा है जबकि हैंगसेंग में 2.76 फीसदी की भारी गिरावट आई है और यह 20,923.79 के स्तर पर दिखा है। वहीं कोस्पी में 0.84 फीसदी की मजबूती आई है। शंघाई कम्पोजिट 0.04 फीसदी की हल्की गिरावट के साथ ही 3,194.09 के स्तर पर दिख रहा है। अग्लोबल संकेत आज बाजार का साथ दे सकते हैं। एशियाई बाजार ऊपर दिख रहे हैं। डाऔ फ्यूचर्स में भी तेजी है। हालांकि एसजीएक्स निफ्टी में सपाट कारोबार हो रहा है। इससे पहले गत दिवस अमेरिकी बाजार हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ था। एसएंडपी 500 फ्लैट बंद हुआ था। वहीं नेसडे में 18 और डाओ में 39 अंकों की गिरावट आई थी।


### अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया गिरा



**मुंबई** । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया गिरा है। विदेशी कोषों की बिकवाली के कारण रुपया सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन शुरुआती कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले छह पैसे नीचे आकर 76.35 पर पहुंच गया। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 76.34 पर खुला, और फिर 76.35 पर पहुंच गया। यह पिछले बंद भाव के मुकाबले छह पैसे की गिरावट दिखा रहा है। इससे पहले सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 10 पैसे की गिरावट के साथ ही 76.29 पर बंद हुआ था। इसी बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 फीसदी बढ़कर 100.92 पर पहुंच गया।

# आरंभिक कारोबार में बढ़त के साथ सेंसेक्स 293 अंक उछला, बिकवाली ने फिर पकड़ा जोर

**मुंबई** । देश के मुख्य शेयर सूचकांकों में मंगलवार को आरंभिक कारोबार में बढ़त देखी गई, हालांकि बाजार इसे स्थिर नहीं रख सका। इस दौरान 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 293.15 अंक बढ़कर 57,459.89 अंक पर, जबकि निफ्टी 102 अंक चढ़कर 17,275.65 अंक पर पहुंच गया। हालांकि, कारोबार आगे बढ़ने के साथ ही दोनों सूचकांक अपनी बढ़त बरकरार नहीं रख सके और खबर लिखे जाने तक सेंसेक्स 44.03 अंक गिरकर 57,122.71 पर, और निफ्टी 12.05 अंकों की गिरावट के साथ 17,161.60 अंक पर था। भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, बढ़ती मुद्रास्फीति और विदेशी कोषों की बिकवाली पर चिंताओं के बीच निवेशकों को किसी मजबूत संकेत का इंतजार है। सेंसेक्स में टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, मारुति, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फाइनेंस में कारोबार की शुरुआत में बढ़त देखी गई। दूसरी ओर एचडीएफसी, इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक और एचसीएल टेक्नालॉजीज लाल निशान में चले गए। इससे पहले सोमवार को इंडेक्स 1,172.19 अंक या 2.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,166.74 अंक पर, जबकि एनएसई निफ्टी 302 अंक या 1.73 प्रतिशत गिरकर 17,173.65 अंक पर बंद हुआ।





### निवेशक की नजर आज इन कंपनियों पर

आरंभिक कारोबार में निवेशकों ने ग्रेसिम इंडस्ट्रीज, आयशर मोटर्स, बजाज ऑटो, बजाज सर्व और अपोलो हॉस्पिटल जैसे शेयरों पर जमकर पैसे लगाए। खरीदारी से इन कंपनियों के स्टॉक टॉप गेनर की सूची में आ गए। दूसरी ओर, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, इफोसिस और भारती एयरटेल के शेयरों में आज भी बिकवाली हावी रही और बड़ी गिरावट के साथ ये स्टॉक टॉप लूजर की श्रेणी में चले गए। निफ्टी का मेटल इंडेक्स आज 1 फीसदी बढ़त पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप में भी 0.97 फीसदी तक तेजी दिख रही है। बीएसई पर अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज ट्विन्स, टाटा स्टील, एलएंडटी, एचयूएल, एक्सिस बैंक और टाइटन के शेयरों में 1 से 1I5 फीसदी तक उछाल दिख रहा है। सेक्टरवार देखें तो ऑटो, सरकारी बैंक और ऊर्जा क्षेत्र के स्टॉक में आज 0.9 फीसदी तक तेजी दिख रही।

**एशियाई बाजार फिर गुलजार :** एशिया के अधिकतर बाजार मंगलवार सुबह हरे निशान के साथ गुलजार रहे। सिंगापुर का स?टॉक एक्?सचेंज 0.26 फीसदी बढ़त पर कारोबार कर रहा, जबकि जापान का निक्केई भी 0.45 फीसदी उछाल पर टिका हुआ है। ताइवान में 0.91 फीसदी तो दक्षिण कोरिया में 1.12 फीसदी की तेजी दिख रही है। हालांकि, हांगकांग 1.92 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.11 फीसदी की गिरावट पर कारोबार कर रहे थे। चीन के बाजारों में गिरावट का प्रमुख कारण कोरोना संक्रमण बढ़ने की वजह से लगाया गया लॉकडाउन है। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.46 प्रतिशत बढ़कर 113.68 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को शुद्ध आधार पर 6,387.45 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# उच्च विदेशी मुद्रा भंडार से विदेशों से कर्ज की लागत कम हुई

**मुंबई** । देश में विदेशी मुद्रा भंडार के उच्च स्तर पर होने से विदेशों से कर्ज की लागत के साथ-साथ तथा कंपनियों के लिए जोखिम प्रबंधन की लागत कम हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के एक लेख में यह कहा गया है। आरबीआई 2019 से विदेशी मुद्रा भंडार पर जोर दे रहा है और यह तीन सितंबर, 2021 को रिकॉर्ड 642.453 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह दिसंबर, 2018 के मुकाबले दोगुना से अधिक है। हालांकि मार्च, 2022 में विदेशी मुद्रा भंडार 14.272 अरब डॉलर घट गया। इसका कारण विकसित देशों में ब्याज दर बढ़ने और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण घरेलू बाजार से पूंजी निकासी है। 'उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में विदेशी मुद्रा भंडार बफरः चालक, उद्देश्य और निहितार्थ' शीर्षक से प्रकाशित लेख में कहा गया है भारत के लिए विदेशी मुद्रा भंडार के उच्च स्तर को विदेशी उधारी के साथ-साथ जोखिम प्रबंधन की कम लागत के रूप में देखा जाता है। इस लेख को आरबीआई के आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग के डी केशो राउत और दीपिका रावत ने लिखा है। लेख के अनुसार हाल के सालों में भारत के मुद्रा भंडार में वृद्धि का कारण शुद्ध पूंजी प्रवाह के मुकाबले चालू खाता घाटे (सीएडी) का मामूली स्तर पर होना है।

# दिन दूने रात चौगुने बढ़ रही अडानी की कंपनियां

### अडानी ग्रीन एनर्जी देश की सातवीं सबसे मूल्यवान कंपनी बनी

**नई दिल्ली** । कारोबारी दुनिया में शिखर झू रहे भारत और एशिया के सबसे बड़े अमीर शख्स गौतम अडानी की कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी देश की सातवीं सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई है। उसने देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई को पछाड़कर यह मुकाम हासिल किया है। इस साल यह शेयर अब तक 185 फीसदी और पिछले दो साल में 1400 फीसदी चढ़ चुका है। सोमवार को शेयर मार्केट के गिरावट के बावजूद कंपनी का शेयर 3.61 फीसदी तेजी के साथ 2,968.10 रुपये पर पहुंच गया। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 464,215.08 करोड़ रुपये पहुंच गया है। अडानी ग्रीन एनर्जी टॉप 10 में पहुंची एकमात्र ऐसी कंपनी है जो सेंसेक्स में शामिल नहीं है। अभी मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज 1,720,887.65 करोड़ रुपये का मार्केट कैप के साथ देश की सबसे मूल्यवान कंपनी है। इसके बाद टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर का नंबर है। एसबीआई के शेयरों में सोमवार को 1.57 फीसदी की गिरावट आई और बैंक 454,619.71 लाख करोड़ रुपये के मार्केट कैप के साथ आठवें नंबर पर खिसक गया।





सोमवार को अडानी ग्रुप की सात कंपनियों में से छह के शेयरों में तेजी आई। अडानी ट्रांसमिशन, अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी पावर, अडानी विल्मर और अडानी पोर्ट्स के शेयरों में तेजी आई जबकि अडानी टोटल गैस में मामूली गिरावट आई। इसके साथ ही अडानी की नेटवर्थ में 2.04 अरब डॉलर की तेजी आई। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स में वह 120 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ छठे नंबर पर बने हुए हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 43.9 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। इस बीच मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में सोमवार को 55.2 करोड़ डॉलर की गिरावट आई। वह 94.4 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 11वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 4.4 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क 255 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में पहले नंबर पर बने हुए हैं।

# फिक्स जमा पर टीडीएस से छूट के लिए भरें 12बीबीए फार्म

नई दिल्ली (ईएमएस)। आपकी मेहनत की कमाई जीवन के आखिरी पड़ाव में काफा काम आती है अगर आप अपनी फिक्स जमा पर 10 फीसदी टीडीएस छूट चाहते है तो इस वर्ष से अपने संबंधित बैंकों के साथ फॉर्म 12बीबीए भरकर जमा करें। 75 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक जो आयकर से छूट प्राप्त करना चाहते हैं उन्हें इसका लाभ मिलेगा। अगर आपकी आय केवल पेंशन या फिक्स्ड डिपॉजिट से मिलने वाले ब्याज से आती है तो आप इस आयकर छूट के पात्र हैं। इसके लिए एक और शर्त यह है कि आपकी पेंशन और ब्याज एक ही बैंक खाते में आना चाहिए। फॉर्म 12बीबीए में आपसे कई डिटेल्स मांगी जाती हैं इसलिए ये फॉर्म थोड़ा कठिन प्रतीत हो सकता है। इसमें आपको धारा 80सी से धारा80यू के तहत मिलने वाली कर छूट संबंधी विवरण, धारा 87ए (कर योग्य आय को 5 लाख से नीचे लाने वाला) के तहत टैक्स छूट संबंधी विवरण और पेंशन व एफडी पर मिल रहे ब्याज से होने वाली आय का विवरण देना होगा। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अनुसार, फॉर्म जमा करने के बाद, बैंक कर कटौती और धारा 87ए के तहत छूट पर विचार करने के बाद करदाता की कुल आय की गणना करेगा और स्लैब के आधार पर आय पर टैक्स में कटौती करेगा। क्योंकि ये काफी उलझन वाला फॉर्म है इसलिए यह सुनिश्चित करने के लिए कि वरिष्ठ नागरिकों को फॉर्म भरने में कठिनाई न हो सीबीडीटी ने बैंकों को निर्देश दिया है कि वे योग्य वरिष्ठ नागरिकों को फॉर्म भरने में सहायता करें। इसके साथ ही बैंक अनिवार्य रूप से वरिष्ठ नागरिक करदाता की ओर से आईटीआर दाखिल करेगा। करण बत्रा कहते हैं कि आईटी कानूनों के अनुसार, 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक द्वारा ब्याज से अर्जित 50,000 रुपए से अधिक की आय पर 10 फीसदी टीडीएस काटा जाता है। इस सूरत में 5-10 फीसदी के स्लैब वाले आयकर दाता को अपने स्लैब से अधिक टैक्स देना होगा। उदाहरण के लिए अगर किसी के पास ब्याज के जरिए 7 लाख रुपये की आय है तो वह इस पर 70,000 रुपये टीडीएस देगा।

# सोशल मीडिया पर जलवा बिखेर रही मदालसा शर्मा



छोटे पर्दे की जानी-मानी और खूबसूरत एक्ट्रेस एवं फिल्म जगत के दिग्गज़ अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की बहू मदालसा शर्मा सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती है। आए दिन अपने डांस वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती है। लेकिन हाल में उन्होंने अपने डांस का एक वीडियो शेयर किया है जिसको लेकर वह काफी चर्चा में है। वीडियो में आप देख सकते हैं कि वे इस वीडियो में शानदार अंदाज में डांस कर रही है उनके फैंस इस वीडियो को देख काफी खुश है लगातार कमेंट करते ही जा रहे है. उनके डांस स्टेप की तारीफ भी कर रहे है। अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की बहू मदालसा ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट में अपने डांस का एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें वह काफी क्यूट लग रही है। उनका डांस तो तारीफे काबिल है। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम एकाउंट से इस वीडियो को शेयर किया है। बता दें कि, फिलहाल इन दिनों कार्डी बी के बिग बैंग गाने को काफी पसंद किया जा रहा है। इस धुन पर कई सेलेब्स अब तक वीडियो बना चुके हैं। वीडियो को साझा करते हुए मदालसा ने कैप्शन में लिखा है कि, 'ऐसा करने में मजा आया.' अभिनेत्री मदालसा अभिनेत्री शीला डेविड और फिल्म निर्देशक सुभाष शर्मा की बेटी हैं। मदालसा की शादी दिग्गज़ अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के बेटे महाक्षय से हुई थी। साल 2018 में दोनों शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों की शादी जबरदस्त तरीके से की गई थी। इन दिनों मदालसा स्टार प्लस के सबसे लोकप्रिय शो अनुपमा में काम कर रही है। शो में मदालसा काव्या गांधी का किरदार निभा रही है। उनके काम को फैंस द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। शो से रिलेटेड वह आए दिन अपनी तस्वीरें पोस्ट करती रहती हैं।

## महेश बाबू के साथ अगली फिल्म में नजर आ सकती हैं शिल्पा शेट्टी

साउथ फिल्मों के हैंडसम और स्टाइलिश अभिनेता कहे जाने वाले महेश बाबू आने वाले दिनों में एक के बाद एक कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। इसी बीच उनकी फिल्म एसएसएमबी28 को लेकर इन



दिनों चर्चा काफी तेज हो गई है। फिल्म एसएसएमबी28 का ऐलान काफी समय पहले ही मेकर दिया गया था। एसएसएमबी28 फिल्म का निर्देशन त्रिविक्रम श्रीनिवास करने वाले हैं। अब इसी बीच अभिनेता महेश बाबू की फिल्म एसएसएमबी28 की स्टारकास्ट को लेकर इन दिनों कई तरह की खबरें सामने आ रही है। जिसमें मेकर्स एक सीनियर अभिनेता को कास्ट करना चाहते है। डायरेक्टर त्रिविक्रम श्रीनिवास अपनी फिल्मों में सीनियर एक्ट्रेस को अहम रोल देते हैं। उन्होंने अपनी पिछली रिलीज कई फिल्मों में सीनियर अभिनेत्री को कास्ट किया है। अब खबरों में ऐसा कहा जा रहा है कि महेश बाबू की अगली फिल्म एसएसएमबी28 में उनके साथ बॉलीवुड की एक मशहूर और सीनियर एक्ट्रेस शामिल हो सकती है। खबरों में ऐसा कहा जा रहा है कि, महेश बाबू की अगली फिल्म के लिए डायरेक्टर त्रिविक्रम श्रीनिवास ने बॉलीवुड की सबसे हॉट और स्टाइलिश अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी को अप्रोच किया है। जी हां फिल्म एसएसएमबी28 में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी नजर आ सकती हैं। जिसमें उनका किरदार काफी दमदार होने वाला है। हालांकि अब तक मेकर्स की तरफ से अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी की एंट्री को लेकर कोई भी आधिकारिक तौर पर ऐलान नहीं किया गया है।

## हम भी अकेले तुम भी अकेले आखिरी फिल्म है जो मेरी मां ने देखी थी : अंशुमान झा

अभिनेता अंशुमान झा का कहना है कि उनकी नई रिलीज हम भी अकेले तुम भी अकेले उनके लिए विशेष है क्योंकि यह उनकी आखिरी फिल्म थी जिसे उनकी माँ ने पिछले साल मरने से पहले देखा था। वह कहते है कि मेरी माँ हमेशा मेरे दिल में ताकत का स्तंभ बनकर रहेगी। मेरी फिल्म हम भी अकेले तुम अकेले आखिरी फिल्म है जिसे उन्होंने मरने से पहले देखा था यही वजह है कि यह मेरे लिए और भी खास है। फिल्म में जरीन खान भी हैं। कहानी दिल्ली के मैकलोडगंज में एक समलैंगिक पुरुष और एक समलैंगिक महिला की सड़क यात्रा के इर्द गिर्द घूमती है, और बताती है कि कैसे वे यात्रा के दौरान प्यार और साहचर्य का सही अर्थ खोजते हैं। अभिनेता का कहना है कि फिल्म की शूटिंग करना चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने कहा, एक अभिनेता के रूप में मेरा प्रशिक्षण सबसे अच्छा नहीं हो सकता, लेकिन सबसे खराब परिस्थितियों में मैं सबसे अच्छा हो सकता हूं।

# दीपिका पादुकोण को देखते ही दीवाने हो गए थे रणबीर कपूर, पहले ही दिन ढूंढ लिया था फोन नंबर



कई बॉलीवुड सेलेब्स की लव स्टोरीज का अंत बुरा हुआ और इनका ब्रेकअप हो गया. इनमें एक जोड़ी रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की भी है. दोनों फिल्म बचना ए हसीनों की शूटिंग के दौरान करीब आए थे और फिर इन्होंने तकरीबन दो साल तक डेटिंग की थी. वैसे भले ही इनकी करीबियां बचना ए हसीनों के दौरान बढ़ी लेकिन इनकी पहली मुलाकात पहले ही हो चुकी थी. रणबीर ने खुलासा किया था कि उन्होंने दीपिका को पहली बार फिल्म ओम शांति ओम के सेट पर देखा था और उनपर फ़िदा हो गए थे लेकिन दीपिका ने उन्हें नहीं देखा था. वहीं दीपिका ने रणबीर को पहली बार कब देखा था, इसके जवाब में उन्होंने कहा था, मैं फिल्मिस्तान स्टूडियो में शूटिंग कर रही थी और ओम शांति ओम की शूटिंग कर रही थी.मैं अपना टेक खत्म करके वैनिटी वैन की ओर जा रही थी.उसी दौरान रणबीर भी सांवरिया की शूट से ब्रेक लेकर बाहर खड़े थे. उन्होंने मुझे अपनी वैन की तरफ जाते हुए देखा था.इसी दिन शाम को उन्होंने मेरा फोन नंबर जुगाड़ लिया और मुझे कॉल किया. दरअसल रणबीर और दीपिका ने 2007 में ही बॉलीवुड डेब्यू किया था. दीपिका ओम शांति ओम से डेब्यू कर रही थीं. वहीं रणबीर ने संजय लीला भंसाली की सांवरिया से बॉलीवुड में कदम रखा था. इस फिल्म के बाद दोनों ने करियर की दूसरी फिल्म बचना ए हसीनों साथ में की थी. इस फिल्म की आउटडोर शूटिंग इटली में हुई थी और तकरीबन दो महीने तक रणबीर-दीपिका ने काफी च्ालिटी टाइम स्पेंड किया था. यहां तक कि रणबीर के साथ रिलेशनशिप में रहने के दौरान दीपिका ने एक इंटरव्यू में ये भी कहा था कि वे कभी इटली में ही हनीमून मनाएंगी।



# इस जगह तक पहुंचने में लगभग 16 साल लग गए : प्रतीक गांधी

लोकप्रिय सीरीज स्कैम 1992 द हर्षद मेहता स्टोरी में हर्षद मेहता के अपने चित्रण के साथ पिछले साल पेन इंडिया संसेशन बन चुके अभिनेता प्रतीक गांधी का कहना है कि उन्हें आज यहां तक पहुंचने में एक दशक से अधिक समय लगा। स्कैम 1992 के बाद, प्रतीक, जिन्होंने गुजराती स्क्रीन और मंच पर अपनी छाप छोड़ी है, हार्दिक गज्जर की फिल्म आतिथि भूत भाव में एक एकल नायक के रूप में दिखाई देने वाले हैं, इस फिल्म में उनके को स्टार जैकी श्रॉफ और शर्मिन सहगल हैं। वहीं उनके कई और प्रोजेक्ट लाइनअप हैं।

हाल ही में, प्रतीक ने अपने हिस्टेरियन कौशल का परीक्षण करने की तुलना में बहुत



अलग चुनौती के साथ कैमरे का सामना किया। वह स्टार बनाम फूड के सेट पर थे, जहां शेफ विदित एरेन के मार्गदर्शन में, उन्हें ठंडी भुनी हुई ग्लोब आर्टिचोक और पोटोर्बेलो मशरूम बनाते हुए देखा जा सकता है। अभिनेता का कहना है कि उनकी पत्नी भामिनी उनकी सबसे बड़ी आलोचक हैं, और उनका मानना है कि वह चुनौती तभी जीतेंगे जब वह उन्हें संतुष्ट करेंगे।शो के दौरान उन्होंने और उनकी पत्नी ने अपना लॉकडाउन एक्सपीरियेंस भी शेयर किया ।भामिनी का कहना है कि लॉकडाउन में उन्होंने रोटी बनाने की कोशिश की पर उनकी रोटी पापड़ जैसी हो जाती है। प्रतीक, जिन्होंने पुणे विश्वविद्यालय से औद्योगिक इंजीनियरिंग में स्नातक किया है और अभिनय से पहले रिलायंस इंडस्ट्रीज में कुछ समय के लिए काम किया था, ने कहा, मैंने यह वाक्यांश सुना था अगर आप गर्मी नहीं सह सकते, तो रसोई से बाहर निकलें। अब मुझे समझ आया ऐसा क्यूं कहते हैं। मुझे लगता है कि अभिनेता से ज्यादा, मेरा इंजीनियर पक्ष रसोई में काम करेगा।

## शो 'डांस दीवाने 3' में वापसी करेंगी माधुरी दीक्षित, एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर दी जानकारी




बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित के फैंस के लिए खुशखबरी है. एक्ट्रेस की सेट पर वापसी होने जा रही है. उनके इस फैसले फैंस बहुत खुश हो रहे हैं. कुछ दिनों पहले उन्होंने वैक्सीन की दूसरी डोज ली थी. इसके बाद उन्होंने शूटिंग से ब्रेक ले लिया था. माधुरी दीक्षित ने खुद इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को जानकारी दी है कि वे सेट पर वापसी कर रही हैं. इससे 'डांस दीवाने 3' के दर्शक बहुत खुश हो रहे हैं. माधुरी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी एक शानदार इमेज शेयर करते हुए लिखा है, 'बैक ऑन स्टेज'. इमेज में वे सिल्वर कलर की साड़ी पहनी हुई हैं. साथ ही वे मैचिंग नेक पीस और इयरिंग पहनी हुई दिख रही हैं. वे इस इमेज में बहुत आकर्षक लग रही हैं. आपको बता दें कि, माधुरी दीक्षित इस शो के 4 एपिसोड में दिखाई नहीं दी थीं. महाराष्ट्र में सरकार के बैन लगाने के कारण उन्होंने शूटिंग से दूर रहने का फैसला कर लिया था. इसके बाद शो के मेकर्स ने बेंगलुरु में अपना सेट बना लिया था और शूटिंग शुरू कर दी थी. ऐसे मुश्किल दौर में शो में उनकी जगह नोरा फतेही ने जज की भूमिका निभाई थी. इसी दौरान सोनू सूद स्पेशल गेस्ट के रूप में शो में दिखाई दिए थे।

# साक्षी द्विवेदी ने बढ़ाया इंटरनेट का तापमान



एक्ट्रेस साक्षी द्विवेदी को भले ही अभी तक ज्यादा फेम ना मिला हो मगर सोशल मीडिया, खासकर इंस्टाग्राम के माध्यम से वो अपने फैंस के दिलों पर राज करती हैं. वैसे तो साक्षी ने अभी तक 3 ही फिल्मों में काम किया है मगर लोग सोशल मीडिया पर उनके दीवाने हैं. उनकी बोल्ड एंड ब्यूटीफुल फोटोज को देखकर लोग अपना दिल हार बैठते हैं. साक्षी द्विवेदी ने साल 2017 में रिलीज हुई संजय दत्त की बॉलीवुड फिल्म भूमि से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी. इस फिल्म में उनके अभिनय को सराहा गया था. इसके बाद साक्षी साल 2019 में रिलीज हुई हिंदी फिल्म थर्ड आई में भी नजर आई थीं. इस फिल्म को ज्यादा सफलता नहीं मिल सकी. फिल्म में दीपक भाटिया, मुकुल देव आदि जैसे फेमस एक्टर्स दिखाई दिये थे. बॉलीवुड फिल्मों के अलावा साक्षी ने साउथ सिनेमा में भी काम किया है. उन्होंने इसी साल रिलीज हुई तमिल फिल्म से अपना तमिल डेब्यू किया. फिल्म में चंद्रिका रवि, श्रीकांत जैसे कलाकार भी दिखाई दिये थे. साक्षी पंजाबी सॉन्ग रे छोरी में भी लीड एक्ट्रेस के रूप में नजर आ चुकी हैं. ये पंजाबी सिंगर दीप गुज्जर का पॉपुलर गाना है जिसमें साक्षी द्विवेदी को काफी पसंद किया गया था. इसके अलावा वो पंजाबी सिंगर मनवीर सिंह के गाने तेरी वाइब में भी नजर आ चुकी हैं। साक्षी टिकटॉक पर भी काफी एक्टिव थीं मगर टिकटॉक के भारत से जाने के बाद अब उनके इंस्टाग्राम रील वीडियोज को भी काफी पसंद किया जाता है. वैसे तो साक्षी कई हॉट फोटोज को इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं लेकिन एक्ट्रेस की बिकिनी फोटोज सोशल मीडिया पर तहलका मचाती हैं. इन फोटोज को देखकर ऐसा लगता है जैसे वो स्विमिंग पूल में आग लगा रही हों. साक्षी अपने इंस्टाग्राम के माध्यम से कई ब्रैंड्स को भी एंडॉर्स करती हैं।

# आपके बेली फैट को कुछ ही दिनों में छांट देंगी ये ब्रीदिंग एक्सरसाइज



ज्यादा वजन न सिर्फ देखने में खराब लगता है, बल्कि कई रोगों का घर भी होता है. इसलिए ज्यादातर स्वास्थ्य विशेषज्ञ वजन कम करने की सलाह देते हैं. आमतौर पर खानपान के संतुलन और नियमित एक्सरसाइज से शरीर की चर्बी तो छंट जाती है, लेकिन पेट पर जमा फैट बहुत जिद्दी होता है. इसे कम करने में काफी समस्या आती है. अगर आप भी बेली फैट को छांटने के लिए कई तरह के प्रयास करके थक चुके हैं, तो अब कुछ ब्रीदिंग एक्सरसाइज की मदद लीजिए. ये ब्रीदिंग एक्सरसाइज बेली फैट को छांटने में काफी हद तक मददगार साबित हो सकती हैं.

**माउथ ब्रीदिंग:** इसे करने के लिए अपना मुंह खोलें और सांस लेते समय 10 तक मन में गिनती गिनें. इसके बाद मुंह से सांस छोड़ें. ध्यान रहे सांस लेने से सांस छोड़ने का समय दोगुना होना चाहिए. इस प्रक्रिया को दिन में कभी भी कर सकते हैं. एक बार में 5 से 10 बार ही करें. माउथ ब्रीदिंग के दौरान जब आप अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं तो आपके पेट की मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है. इससे पेट के की चर्बी छंटती है.

**डायफ्राम ब्रीदिंग:** इसके लिए सबसे पहले पीठ के बल लेटें. सांस को पूरा लें यानी सांस लेते समय आपका पेट ऊपर और छोड़ते समय नीचे होना चाहिए. सांस के साथ अपने चेस्ट पर ध्यान लगाएं. ये एक्सरसाइज आपके एब्डोमिनल मसल्स को मजबूत करती है, पाचन तंत्र मजबूत करती है और बेली फैट को कम करने में मददगार है. वैसे तो इसे किसी भी समय किया जा सकता है, लेकिन खाना खाने के बाद न करें.

**बेली ब्रीदिंग:** कुर्सी पर पीठ सीधी करके बैठें या सीधे खड़े हो जाएं. अब पहले अपना दिमाग शांत करने की कोशिश करें और सहज हो जाएं. यदि कोई विचार आता है तो उसे आकर चला जाने दें। अपना हाथ पेट पर रखें, आपका अंगूठा बेली बटन के पास रखें और गहरी सांस लें. सांस लेते समय आपका सीना नहीं फूलना चाहिए आपका पेट एक्सपांड होना चाहिए. इसे करने से आपका बेली फैट तो घटता ही है, साथ ही आपका तनाव कम होता है।

## प्रतिदिन अंडे का सेवन दे सकता है इस बीमारी को न्योता, रिसर्च में हुआ है खुलासा

जहां अब तक डायबिटीज और खान-पान से जुड़े शोधों का दावा था कि अंडे के सेवन से मधुमेह नियंत्रण में रहता है वहीं ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं द्वारा चीन के 8,545 व्यस्कों पर की गई एक रिसर्च में यह निष्कर्ष निकला है कि प्रतिदिन 1 अंडे के सेवन से डायबिटीज टाइप-2 होने की 60 प्रतिशत संभावनाएं बढ़ जाती हैं। हालांकि 'अंडे का सेवन और डायबिटीज' यह विषय हमेशा से ही विवादास्पद रहा है। शोध के स्टडी ऑथर डॉ मींग ली के अनुसार चीन के व्यस्कों पर हुई इस रिसर्च का आधार 'लंबे समय तक अंडे का सेवन और डायबिटीज के विकसित होने की संभावना' रहा है। अगली स्लाइड्स के माध्यम से जानते हैं कि किस तरह से हुई है यह रिसर्च और क्या है इसका निष्कर्ष? डॉ मींग ली की इस रिसर्च के मुताबिक, 1991 से 2009 तक चाइना हेल्थ एंड न्यूट्रीशियन सर्वे में शामिल हुए 8,545 व्यस्कों का डॉ ली और उनकी टीम ने पर्यवेक्षण किया। उनकी अंडा खाने की आदतों पर विशेषकर निगरानी रखी, साथ ही उनका फास्टिंग ब्लड शुगर टेस्ट भी किया गया। निष्कर्ष में यह पाया गया कि-



जो लोग प्रतिदिन 38 ग्राम से अधिक अंडे का सेवन करते हैं, उनमें 25 प्रतिशत तक मधुमेह के होने की संभावना है। जो लोग प्रतिदिन 50 ग्राम से अधिक अंडे का सेवन करते हैं, उनमें तो मधुमेह के होने की संभावना लगभग 60 प्रतिशत तक पाई गई। पुरुषों की तुलना में प्रतिदिन अंडे का सेवन महिलाओं के लिए ज्यादा हानिकारक है, उनमें टाइप- बी डायबिटीज की संभावना अधिक दिखाई पड़ी है। 2015 में फीनलैंड के शोधकर्ताओं ने अपनी रिसर्च में इसका विपरीत पहलू दर्ज किया था। उनकी रिसर्च के परिणाम के मुताबिक, प्रतिदिन एक अंडे के सेवन से टाइप-2 डायबिटिज के होने की संभावना कम हो जाती है। जो पुरुष प्रतिदिन अंडे का सेवन कर रहे थे, उनके रक्त में लिपिड प्रोफाइल पाया गया जो कि सामान्यत- उन पुरुषों के खून में पाया जाता है जिन्हें कि डायबिटीज नहीं होता है।

## ग्रामोदय की संकल्पना पर संपन्न हुई, प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सतत विकास संगोष्ठी

संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास के सत्रह लक्ष्यों की प्राप्ति पर केन्द्रित प्रथम तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 17 अप्रैल को सतना जिले के चित्रकूट में संपन्न हुई। संगोष्ठी में भारतरत्न नानाजी देशमुख की संकल्पना पर आधारित दीनदयाल शोध संस्थान के माध्यम से पंच महाभूत की महिमा पर चित्रकूट क्षेत्र के 50 किलोमीटर परिधि के 500 गांवों में चल रहे प्रकल्पों से भू-जलस्तर बढ़ाने के लिए जलसंरचना, स्वावलंबन, दादी का बटुआ, अरोग्यधाम, उद्यमिता, सुरेन्द्रपाल ग्रामोदय विद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र, संग्रहण, गौपालन, जैविक खेती जैसे क्षेत्र में चल रहे संघर्षमुक्त और आत्मनिर्भरता के अभिनव प्रयोग को विश्व के लिए अनुकरणीय बताया। इस अवसर पर संस्थान की कार्यशैली पर केन्द्रित एसडीजी इंटरवेंशन डॉट ओआरजी नाम की वेबसाइट का लोकार्पण किया गया। इस बेबसाइट का उद्देश्य साझा ज्ञान से सतत विकास की ओर अग्रसर होना है।विकास के 108 लक्ष्यों को हासिल करने वाली इस बेवसाइट से अभी तक 2000 समस्याओं के हल साझा किये गये हैं। सम्मेलन में एग्पा के उपाध्यक्ष प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने भारतरत्न नानाजी द्वारा अंत्योदय की अवधारणा को जीवन्त बताते हुए सतत लक्ष्य में मिलेनियम डेवलपमेंट गोल(एमडीजी) और मौजूदा परिप्रेक्ष्य में दृष्टिकोण परिवर्तन के सस्टनेबल डेवलपमेंट गोल(एसडीजी) में हुए तीन महत्वपूर्ण अंतर को रेखांकित किया। चिंतक दत्तोपंत ठेगड़ी के %मार्डनाइजेशन विदाउट ग्लोबलाइजेशन% को उद्धृत करते हुए श्री चतुर्वेदी ने गुणवत्तापूर्ण सेवा, पोषक अन्न की खेती, समावेशी मुद्राबैंक, स्वच्छ जलवायु पर्यावरण मित्र आधारित विकास पर बल दिया। राष्ट्रीय सम्मेलन में दक्षिण एशिया में सतत विकास में सलंग्न डॉ. नित्या केमकर लंदन, डॉ. काकोली घोष रोम, एरिक सोलहेम पेरिस और भारत में संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट को-ऑर्डिनेटर शोम्बी शार्प ने सतत विकास पर अपना अनुभव साझा किया। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक डा. आर सी अग्रवाल, मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय राज्य नियामक आयोग के अध्यक्ष डा. भरत शरण सोलंकी, दीनदयाल शोध संस्थान के सचिव अभय महाजन, उपाध्यक्ष इंजी उत्तम बनर्जी, निखिल मुंडले, कोषाध्यक्ष वसंत पंडित, सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी डा. बी के जैन, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. भरत मिश्र सहित केन्द्रीय व राज्य मंत्रिमंडल के अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि गत पांच माह में सरकार द्वारा आर्थिक विकास दर वृद्धि को लेकर संपन्न तीन बड़े सम्मेलनों में जनभागीदारी की बजाय सरकारी तंत्रों की भूमिका को महत्व दिया गया। अभियानों को सतह पर मुखर करने वाले ऐसे कार्यक्रमों में नेताओं का बौद्धिक प्रसंग उनकी विलासितापूर्ण जीवनशैली को पोषित करने वाले असमानता, अहंकार, सदन में आचरण हिंसक प्रवृत्तियां, सरकारी धन के दुरूपयोग या ठिकाने, जासूसी अति टैक्स वसूली के बावजूद वीआईपी संस्कृति, धरना, प्रदर्शन, यात्रा, बाजार, गुमठी जैसे अवरोधकों से आम सड़क से लोगों को वंचित करने जैसी परस्पर विरोधी आचरण को दर्शाती है। आज किसी से छुपा नही है कि संस्कृति, कला, स्वयंसेवी संस्थाओं या कल्याणकारी गतिविधियों के नाम पर किस तरह सरकारी धन का दुरूपयोग किया जाता है। चुनाव जीतने की राजनीतिक दलों का अप्रत्याशित व लुभावने वादे से कर(टैक्स) की एक बड़ी राशि के दुरूपयोग से देश का सतत विकास प्रभावित होता है।

# राजस्थान में नहर विवाद बनेगा चुनावी मुद्दा

रमेश सर्राफ धमोरा)

राजस्थान में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को लेकर कांग्रेस व भाजपा में विवाद बढ़ गया है। इस परियोजना को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमलावर हो रहे हैं। मुख्यमंत्री गहलोत का कहना है कि 2018 के विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जयपुर व अजमेर की जनसभा में राजस्थान के 13 जिलों को मीठा पानी उपलब्ध कराने वाली पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की बात कही थी। जिसे अभी तक पूरा नहीं किया गया है। इस परियोजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान की जनता से वादाखिलाफी कर रहे हैं।

गहलोत का कहना है कि यदि केंद्र सरकार इस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दे देती है तो परियोजना की कुल लागत का 90 प्रतिशत खर्चा केंद्र सरकार उपलब्ध करा देगी। राज्य सरकार को मात्र 10 प्रतिशत राशि ही खर्च करनी पड़ेगी। ऐसे में 40 हजार करोड़ रुपयों वाली इस बड़ी परियोजना को धन की उपलब्धता के चलते जल्दी पूरा किया जा सकेगा। जिससे प्रदेश के 13 जिलों का कायाकल्प हो जाएगा। इन 13 जिलों के करीबन साढ़े तीन करोड़ से अधिक लोगों को जहां पीने को मीठा पानी उपलब्ध हो सकेगा। वहीं डेढ़ से दो लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई भी होगी। जिससे लोगों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। यह नहर परियोजना पूरी होने पर पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के लोगों के लिए एक नई जीवनदायिनी साबित होगी।

दरअसल इस विवाद की शुरुआत जल जीवन मिशन पर जयपुर में 9 राज्यों की रीजनल कॉन्फ्रेंस के दौरान हुई थी। जहां केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और राजस्थान के जलदाय मंत्री महेश जोशी पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के मुद्दे पर भीड़ गए थे। महेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वादे का हवाला देकर पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग रखी थी। इस पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने महेश जोशी को भाषण के बीच में ही टोकते हुए कह दिया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अजमेर के सभा में उक्त नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने पर एक शब्द बोला हो तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा।

शेखावत ने जोशी से कहा कि बोलने से पहले आप रिकॉर्ड चेक कर लीजिए। आपके पास वीडियो नहीं है तो दोनों कार्यक्रमों के वीडियो में आपको भेज देता हूं। जिस अजमेर की मीटिंग को आप मेंशन कर रहे हो प्रधानमंत्री ने अजमेर की मीटिंग में एक शब्द भी इस बारे में नहीं कहा। उन्होने केवल प्रस्ताव प्राप्त होने की बात कही थी। हमें एक बार रिकॉर्ड चेक करके सुनिश्चित करने के बाद ही बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं दावे से कहता हूं कि अजमेर की मीटिंग में एक शब्द बोला हो तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा या आप के मुख्यमंत्री राजनीति छोड़ दें। इस तरह की बात कहने का यह तो मंच नहीं है।

महेश जोशी ने कहा था कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया जाना बहुत जरूरी है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान में दो बार इस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने का वादा किया था। चाहे जो भी परिस्थिति हो इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया जाना चाहिए।

राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की सरकार ने 2017-18 के बजट में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना की घोषणा की थी। इस परियोजना में राजस्थान के जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, अजमेर, टोंक, बूंदी, कोटा, बारां और झालावाड़ सहित कुल 13 जिले शामिल है। इस परियोजना के पूरा होने पर 13 जिलों में पेयजल और सिंचाई की सुविधा मिलने लगेगी।

इस परियोजना में 6 बैराज और एक बांध बनाया जाएगा। नदियों और बांधों को आपस में जोड़ने के लिए 1268 किलोमीटर लंबी नहरे बनेगी। इस



परियोजना की लागत फिलहाल 38 हजार करोड रुपए आंकी गई है। इस परियोजना पर अभी तक राज्य सरकार ने अपने बजट से करीबन एक हजार करोड रुपए से अधिक की राशि खर्च कर कई जिलों में बैराज निर्माण कार्य शुरू करवाए हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने 2022-23 के बजट में भी उक्त परियोजना के लिए 9 हजार 600 सौ करोड रुपए देने की घोषणा की है।

पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) का मुख्य उद्देश्य राजस्थान के जल प्रबंधन को नए सिरे से विकसित करना है। इस योजना के जरिए दक्षिणी राजस्थान में स्थित चंबल और उसकी सहायक नदियों कुन्नू, पार्वती, कालीसिंध को आपस में जोड़ा जाना है। इसके साथ ही इन नदियों में बारिश के मौसम के दौरान इकट्ठे होने वाले पानी के लिए नई तकनीकी विकसित करना है। राज्य के जल संसाधन विभाग के अनुसार देश के सबसे बड़े राज्य राजस्थान का भौगोलिक क्षेत्रफल 342.52 लाख हेक्टेयर है। जो पूरे देश का 10.4 प्रतिशत है। लेकिन यहां सतही जल का केवल 1.16 प्रतिशत और भूजल का 1.72 प्रतिशत ही है।

ऐसे में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना यहां की पानी की समस्या को दूर करने में अहम भूमिका निभा सकती है। इसके बनने से राजस्थान के 41.6 प्रतिशत क्षेत्रफल में सिंचाई के साथ-साथ 23.67 प्रतिशत क्षेत्र के वाटर लेवल को भी मेंटन किया जा सकेगा। केंद्र सरकार ने 1996-97 में त्वरित सिंचाई लाभ योजना बनाई थी। ऐसी बड़ी परियोजनाओं को राष्ट्रीय परियोजना कहां गया। राष्ट्रीय परियोजना उन परियोजनाओं को बनाया जा सकता है जिसमें दो लाख हेक्टेयर से अधिक की सिंचाई हो सके और जल बंटवारे का विवाद ना हो।

अभी तक देश में कुल 16 राष्ट्रीय परियोजनाएं हैं। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि सबसे ज्यादा पानी की कमी वाले राजस्थान में इनमें से एक भी परियोजना नहीं है। हालांकि इस परियोजना पर मध्य प्रदेश सरकार ने एनओसी नहीं दी है। मध्यप्रदेश में जब कमलनाथ की सरकार थी तब उस समय परियोजना की एनओसी को रोका गया था। मध्यप्रदेश ने राजस्थान के प्रोजेक्ट पर यह कहकर आपत्ति जताई थी कि यह प्रस्ताव भारत सरकार की अंतर राज्य नदियों की गाइडलाइन के अनुसार नहीं है। गाइडलाइन के अनुसार 75 प्रतिशत निर्भरता होने पर ही परियोजना बनाई जानी थी। लेकिन राजस्थान में 50 प्रतिशत ही निर्भरता की योजना भेजी हुई है। इसके चलते मामला अंतर राज्य विवाद का बन रहा है।

इस परियोजना पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के बयान के बाद कांग्रेस ने इस पर विवाद खड़ा कर इसे मुद्दा बना लिया है। इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी राजस्थान के 13 जिलों में केंद्र सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने लगी है। शेखावत के बयान के बाद कांग्रेस लगातार हमलावर है। राजनीतिक रूप से कांग्रेस इन 13 जिलों में आधे से ज्यादा जिलों में मजबूत स्थिति में है। इस परियोजना को मुद्दा बनाकर कांग्रेस 2023 के चुनाव में फिर से बहुमत हासिल करने के प्रयास में लग गई है। इन 13 जिलों में विधानसभा की 83 सीट आती है। जिनमें से अभी कांग्रेस के पास 49 और भाजपा के पास 25 सीट हैं। ऐसे में आगामी विधानसभा चुनाव तक कांग्रेस हर हाल में इस मुद्दे को बनाए रखना चाहती है।

## भौतिकवाद से उपजी दुर्गति

ऊंचा महल खड़ा करने के लिए किसी दूसरी जगह गड्ढे बनाने पड़ते हैं। मिट्टी, पत्थर, चूना आदि जमीन को खोदकर ही निकाला जाता है। एक जगह टीला बनता है तो दूसरी जगह खाई बनती है। संसार में दरिद्रों, अशिक्षितों, दुःखियों, पिछड़ों की विपुल संख्या देखते हुए विचार उठता है कि उत्पादित सम्पदा यदि सभी में बंट गई होती तो सभी लगभग समान स्तर का जीवन जी रहे होते। अभाव एक ही कारण उत्पन्न हुआ है कि कुछ लोगों ने अधिक बटोरने की विज्ञान एवं प्रत्यक्षवाद की विनिर्मित मान्यता के अनुरूप यह उचित समझा है कि नीति, धर्म, कर्त्तव्य, शालीनता, समता, परमार्थ परायणता जैसे उन अनुबंधों को मानने से इंकार कर दिया जाए जो पिछली पीढ़ियों में आस्तिकता और धार्मिकता के आधार पर आवश्यक माने जाते थे। पशुओं को जब नीतिवान परोपकारी बनाने के लिए बाधित नहीं किया जा सका, तो बन्दर से मानव रूप में विकसित मनुष्य को यह किस आधार पर समझाया जा सके कि उसे उपार्जन तो करना चाहिए पर उसको उपभोग में ही समाप्त नहीं कर देना चाहिए। विज्ञान के साथ सज्ञान का समावेश यदि रह सका होता तो भौतिक और आत्मिक सिद्धान्तों पर आधारित प्रगति का लाभ हर किसी को समान रूप से मिलता पर किया क्या जाए? भौतिक विज्ञान जहां शक्ति व सुविधा प्रदान करता है, वहीं प्रत्यक्षवादी मान्यताएं नीति, धर्म, संयम, स्नेह, कर्त्तव्य आदि को झुठला देती हैं। ऐसी दशा में उद्दंडता अपनाए हुए समर्थ का दैत्य-दानव बन जाना स्वाभाविक है। औद्योगीकरण के नाम पर बने कारखानों ने संसार भर में वायु और जल प्रदूषण भर दिया है। ऊर्जा के अत्यधिक उपयोग ने संसार का तापमान इतना बढ़ा दिया है कि हिम प्रदेश पिघल जाने पर समुद्रों में बाढ़ आने और ओजोन नाम से जाना जाने वाला पृथ्वी का कवच फट जाने पर ब्रह्माण्डीय किरणों धरती की समृद्धि को भूनकर रख सकती हैं। रासायनिक खाद और कीटनाशक मिलकर पृथ्वी की उर्वरता को विषाक्तता में बदलकर रखे दे रहे हैं। बढ़ते हुए कोलाहल से व्यक्ति और पगलाने लगेंगे।

## महंगाई से हाल बेहाल

-सिद्धार्थ शंकर

महंगाई ने दुनियाभर के देशों की अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान पहुंचाया है। इसकी मार से भारत ही नहीं, बल्कि दुनियाभर के देशों पर असर पड़ा है। साल 2022 की शुरुआत तमाम देशों के लिए बेहद खराब साबित हुई है। जहां बीते साल 2021 में महंगाई के हल्के-हल्के झटके लगे थे, तो 2022 में जिस प्रकार से भू-राजनीतिक हालात बदले हैं, महंगाई का जोरदार झटका भारत समेत अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी समेत अन्य देशों को लगा है। जिस हिसाब से दुनिया भर में महंगाई बढ़ी है, पश्चिमी देशों के लिए हैरान करने वाली रही। पश्चिमी देशों ने दशकों बाद ऐसी महंगाई का अनुभव किया है। बीती कुछ तिमाहियों में तो इसमें तेजी से इजाफा देखने को मिला है। इसकी शुरुआत जिंस की कीमतों में तेजी के साथ हुई। खासतौर पर तेल और धातुओं के दाम में बढ़ोतरी से। 2020 में कोविड की दस्तक के बाद कमोडिटी की काफी हद तक कम रही थीं। लेकिन, 2021 में इसमें कुछ उतार-चढ़ाव आया और 2022 में तो एकदम से इनके दाम आसमान छूने लगे। 2021 की बात करें तो कोरोना महामारी के प्रकोप के कारण लागू तमाम प्रतिबंधों से आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई, जिसका सीधा असर कीमतों पर पड़ा। यह सिलसिला जो शुरू हुआ तो अब तक बदस्तूर जारी है। दरअसल, कोरोना महामारी का प्रभाव कम होने के बाद फरवरी के अंत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर हमले का ऐलान कर दिया। युद्ध शुरू होने के साथ ही दुनियाभर के निवेशकों की धारणाओं पर नकारात्मक असर हुआ और शेयर बाजार धराशाई हो गए। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें आसमान पर पहुंच गईं। सप्लाई चेन प्रभावित होने के कारण अन्य चीजों पर भी इसका असर पड़ा। अमेरिका और अन्य विकसित देशों में घरों की कीमतों पर भी महंगाई का जो असर दिखाई दिया वो चौंकाने वाला है। दरअसल, कोरोना ने अचल संपत्तियों में निवेश को बढ़ाने का काम किया। इसके चलते के साथ मकानों की कीमत में इजाफा हुआ। वहीं दूसरी ओर रूस और यूक्रेन में जारी जंग ने ऐसा असर डाला कि भारत समेत दुनियाभर में रसोई से



लेकर सड़क पर निकलने तक के लिए जनता की जेब पर बोझ बढ़ गया। कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस से लेकर एल्युमिनियम, पैलेडियम, निकल, पोटाश ही नहीं, बल्कि गेहूं, पेट्रोल-डीजल, खाद्य तेलों समेत अन्य जरूरी चीजों की कीमतों में 30 फीसदी से ज्यादा का इजाफा देखने को मिला। सबसे पहले बात करते हैं भारत की, तो बता दें कि मार्च 2022 में देश में खुदरा महंगाई 17 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। यह 6.95 फीसदी की दर से बढ़ी है। इससे पहले अक्टूबर 2020 में खुदरा महंगाई 7.61 फीसदी की दर से बढ़ी थी। वहीं इससे पिछले यानी फरवरी महीने की बात करें तो यह आंकड़ा 6.07 फीसदी था। मार्च में खाद्य वस्तुओं के दाम 7.47 प्रतिशत बढ़े। कपड़े और फुटवियर के दाम 9.40 फीसदी बढ़े, तो ईंधन और बिजली की कीमतों में 7.52 फीसदी का इजाफा हुआ। वहीं अन्य चीजों पर महंगाई सालाना आधार पर 7.02 फीसदी और मकानों के दाम 3.38 फीसदी की दर से बढ़ी है। देश में खाद्य तेलों पर महंगाई 18.79 फीसदी, तो सब्जियों पर 11.64 फीसदी की दर से बढ़ी है। अमेरिका में करीब चार दशकों के बाद लोगों ने इतनी महंगाई देखी है। यहां वर्तमान हालात की बात करें तो यूएस में महंगाई 8.5 फीसदी के शिखर पर पहुंच चुकी है। पहले कोरोना की मार और अब रूस-यूक्रेन युद्ध से बिगड़े हालातों ने यूएस में भी महंगाई को और बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। कुल मिलाकर अमेरिका में महंगाई खाद्य वस्तुओं और बिजली की कीमतों में जोरदार तेजी से सबसे अधिक प्रभावित दिखी है। महीने दर महीने इजाफे के साथ खाद्य वस्तुओं की कीमतें अमेरिका में 10 फीसदी चढ़ गई हैं, तो बिजली की कीमतों में 32 फीसदी का इजाफा दर्ज किया गया है। एनएफआईबी स्माल बिजनेस सर्वे के मुताबिक, देश में 31 फीसदी व्यापारियों ने महंगाई को अपनी सबसे महत्वपूर्ण समस्या माना है। अमेरिका के साथ ही ब्रिटेन में भी महंगाई ने लोगों का हाल-बेहाल कर रखा है। यहां महंगाई दर 30 साल के उच्च स्तर पर पहुंच चुकी है। मार्च में देश में महंगाई 7 फीसदी की दर से बढ़ी, जो कि इससे पिछले महीने में 6.2 फीसदी की दर से बढ़ी थी।

# हिंदी प्रेम या केवल 'पर उपदेश'

### सूडोकु नवताल- 6046

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6045 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

तनवीर जाफ़री

पिछले दिनों संसदीय राजभाषा समिति की 37वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय गृह/सहकारिता मंत्री एवं राजभाषा समिति के अध्यक्ष अमित शाह ने हिंदी भाषा को अंग्रेज़ी भाषा के विकल्प के रूप में स्वीकार करने की आवश्यकता जताई । उन्होंने कहा कि हिंदी को स्थानीय भाषाओं के विकल्प के रूप में नहीं बल्कि अंग्रेज़ी भाषा के विकल्प के रूप में स्वीकार करना चाहिए। इसी दौरान शाह ने यह भी बताया कि अब कैबिनेट के एजेंडे का 70 प्रतिशत भाग हिंदी में तैयार किया गया है। अमित शाह ने कहा कि अलग-अलग राज्यों के लोगों को आपस में हिंदी में बात चीत करनी चाहिए अंग्रेज़ी में नहीं। शाह ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निर्णय किया है कि सरकार चलाने का माध्यम राजभाषा है और इससे निश्चित रूप से हिंदी का महत्व बढ़ेगा। अमित शाह ने इससे पूर्व वर्ष 2019 में हिंदी दिवस के दौरान अपने भाषण में एक राष्ट्र, एक भाषा की भी चर्चा की थी। निश्चित रूप से हिंदी हमारी राष्ट्र भाषा है। इसका अधिक से अधिक प्रयोग किया जाना व इसके प्रयोग की वकालत करना भी सराहनीय है। परन्तु अमित शाह के इस बयान के बाद कुछ हिंदी भाषी राज्यों को छोड़ कर अधिकांश राज्यों विशेषकर दक्षिण भारतीय राज्यों में उनके हिंदी प्रेम का विरोध शुरू हो गया। तमाम प्रमुख नेताओं ने फिर वही बातें करनी शुरू कर दीं कि किसे क्या खाना,क्या पहनना और कौन सी भाषा बोलना है यह आम लोगों पर ही छोड़ देना चाहिये। किसी ने इसे



भाजपा का %सांस्कृतिक आतंकवाद% बताया तो किसी ने इन प्रयासों को क्षेत्रीय भाषाओं के मूल्य को कम करने का एजेंडा बताया। भारतीय जनता पार्टी की सहयोगी पार्टी अन्नाद्रमुक समेत दक्षिण भारत के प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा भी इसका विरोध किया गया। अनेक नेताओं का मत है कि लोग चाहें तो अपनी मर्ज़ी से हिंदी अवश्य सीख बोल सकते हैं, परन्तु हिंदी को थोपा जाना हरगिज़ स्वीकार्य नहीं है।

परन्तु हिंदी भाषा के प्रसार विस्तार व प्रचार की इन शासकीय कोशिशों के बीच ख़ासकर गृह मंत्री शाह के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सरकार चलाने का माध्यम राजभाषा बताने और इससे हिंदी के महत्व को बढ़ावा देने के दावों के परिपेक्ष में यह देखना और समझना भी ज़रूरी है कि वास्तव में स्वयं प्रधानमंत्री मोदी,उनकी सरकार व अन्य राज्यों में भाजपा सरकारें भी क्या अंग्रेज़ी के बजाये हिंदी को ही संपर्क भाषा के रूप में प्रचारित व प्रसारित करने के लिये उतनी ही फ़िक्रमंद हैं भी जितनी कि वह दिखाई व सुनाई दे रही हैं ? आईये स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गढ़ित उनकी प्रिय शब्दावलियों पर ही नज़र डालें और देखें कि वे स्वयं संपर्क भाषा के रूप में हिंदी का इस्तेमाल अधिक करते हैं अथवा अंग्रेज़ी का ? यदि प्रधानमंत्री बनने से पूर्व उनकी छवि चमकाने वाला सबसे प्रमुख कोई शब्द सुनाई देता था तो वह था वाइब्रेंट गुजरात । वाइब्रेंट की जगह थरथराने वाला,कांपने वाला,फुर्तीला ,व्यावसायिक आदि कोई हिंदी शब्द भी इस्तेमाल किया जा सकता था परन्तु वाइब्रेंट शब्द का इसीलिये इस्तेमाल किया गया ताकि पूरे देश और दुनिया को भी इसका अर्थ आसानी से समझ में आ सके। चुनावी मैदान में भी मोदी अपने विरोधियों को लिये प्रायः अंग्रेज़ी की ही शब्दावली प्रयोग में लाते थे। जैसे उन्होंने समाजवादी पार्टी,कांग्रेस,अखिलेश यादव तथा मायावती लिये स्कैम शब्द गढ़ा था। ऐसा ही मोदी गढ़ित शब्द था मॉडल । मॉडल का मतलब समझाते हुए मोदी ने कहा था कि ऋ यानी राहुल, स मतलब सोनिया, अर्थात वाड्रा और क्क का अर्थ प्रियंका है। इसी प्रकार विपक्ष के लिये उन्होंने अंग्रेज़ी के ही शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा बताया था कि ॱ से आदर्श घोटाला क्क से बोफ़ोर्स घोटाला, ष्ट से सीडब्ल्यूजी व कोल घोटाला और ष्ठ से दामाद का कारोबार। और जब वे अपने एन डी की तारीफ़ करते तो फ़रमाते कि नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) का अर्थ नेशनल डेवलपमेंट एलायंस है। यहाँ तो सार से विस्तार तक सारा ही अंग्रेज़ी है।

## इत्र की महक और खजाने की चहक

सहीराम

देखिए ऐसी गलती तो भगवान से भी हो जाती है। दुनिया में ऐसे किस्से भरे पड़े हैं कि यमराजजी ने गलती से किसी और के प्राण हर लिए। ऊपर जाकर जब चित्रगुप्तजी खाता-बही का मिलान करते हैं तो गलती का पता चलता है, लेकिन तब तक उस व्यक्ति को दुनिया को सुनाने के लिए अच्छी-खासी कहानियां मिल जाती हैं कि यमलोक कैसा है। हालांकि, माना यही जाता है कि वहां से यह बताने के लिए कोई नहीं लौटता। ऐसी गलती शासकों से भी खूब होती है कि अपने वफादार के रूप में वे जिसकी पहचान करते हैं, अंत में वही उन्हें सूली पर टांग देता है। हमारे सुरक्षा बलों से तो ऐसी गलती अक्सर ही हो जाती है कि किसी गुंडे-बदमाश का एनकाउंटर करने की बजाय उनके हाथों से किसी निर्दोष का एनकाउंटर हो जाता है। ऐसे में अगर ऐसी ही गलती हमारी रेड मारने वाली एजेंसियों से हो जाए तो आश्चर्य नहीं करना चाहिए। देखा नहीं, पिछले दिनों यूपी में हो गयी। रेड मारनी थी इस इत्र वाले के और रेड डाल दी किसी दूसरे इत्रवाले के यहां। कमाल यह हुआ कि इस गलती का फल रेड एजेंसियों को ढाई सौ करोड़ रुपये की रकम के रूप में मिला। जैसे राज संयोग से मिलते हैं, तख्त संयोग से मिलते हैं, वैसे ही खजाने भी संयोग से ही मिलते हैं। अलीबाबा का खुल जा सिमसिम इसका उदाहरण है। कहीं रेड एजेंसियों ने भी यही मंत्र तो नहीं बोला था।

बहरहाल, वैसे तो लोग कपड़ों से भी पहचान लेते हैं। नहीं-नहीं हम उस पहचान की बात नहीं कर रहे। यहां तो बात उन सज्जन की हो रही है जो हवाई चप्पलें पहनकर शादियों में पहुंच जाते थे। ऐसा तो अक्सर ही होता है कि ठग सूट-बूट में मिलता है, लेकिन करोड़पति-अरबपति कहां हवाई चप्पलों में मिलते हैं। हां, नेता जरूर मिल जाते हैं। शायद हवाई चप्पल पहनने वाले इन नेताओं से ही प्रधानमंत्रीजी इतने मुत्तासिर हुए होंगे कि उन्होंने एक वक्त तो यहां तक घोषणा कर दी थी कि अब हवाई चप्पल पहनने वाले भी हवाई जहाज में यात्रा किया करेंगे। एयर इंडिया को बेच कर उन्होंने मुश्किल से इस वादे से अपना पिंड छुड़ाया। अगर यह ढाई सौ करोड़ वाला हवाई चप्पलधारी उन्हें पहले मिल जाता, तो वे अपना सपना पूरा कर सकते थे। हालांकि बताते हैं वह बंदा तो अपने पुराने स्कूटर से ही चलता था। खैर, यह झगड़ा इत्रवालों का नहीं था। यह झगड़ा तो राजनीतिक पार्टियों का था। हुआ यह कि एक इत्रवाले ने समाजवादी इत्र लांच कर दिया। हालांकि समाजवाद और इत्र दोनों विरोधाभासी है, पर विरोधाभास ही तो अब राजनीति का सच है।

# आयुष्मान कार्ड धारकों को चिन्हित अस्पतालों मे मिलेगा 5 लाख रूपये का निःशुल्क: एजीपी गणेश सिंह तोमर

### स्वास्थ्य मेले में 2400 व्यक्तियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण, विकास खण्ड अंबाह में एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला संपन्न



**अंबाह।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत नगर के सरकारी अस्पताल में एक दिवसीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन संपन्न हुआ। मेले में 2400 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी जाँच कर आवश्यक दवा वितरित की गई। साथ ही लगभग दो सैकड़ा व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड, डिजिटल हेल्थ कार्ड भी बनाये गए। इसके अलावा दिव्यांग प्रमाण पत्र भी लगभग एक सैकड़ा व्यक्तियों के बनाए गए। इस अवसर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राकेश शर्मा, बीएमओ डॉ डीएस यादव सहित स्वास्थ्य विभाग एवं आंगनबाड़ी विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य मेले को संबोधित करते हुए एजीपी गणेश सिंह तोमर ने कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकार की मंशा है कि कोई भी बीमार व्यक्ति चिकित्सा से वंचित नहीं रहे। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सर्वे भवन्तुसुखिनः सर्वे सन्तु निरामया की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। श्री तोमर ने कहा कि प्रदेश के प्रधानमंत्री द्वारा सभी के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए आयुष्मान कार्ड योजना बनाई जिसके तहत पांच लाख रूपये तक का निःशुल्क ईलाज चिन्हित अस्पतालों में किया जा रहा है। उन्होंने शिविर में उपस्थित नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में आयुष्मान कार्ड बनवाएं। गणेश सिंह ने कहा कि नागरिकों को अपना ईलाज कराने बाहर जाना पडता है, जिससे उनका आधा पैसा आने जाने में व्यय हो जाता है। भारत सरकार की मंशा के अनुरूप आज खण्ड मुख्यालय पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। मेले में हर रोग के विषय विशेषज्ञ ने उपस्थित रहकर आम जनता का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया है एवं दवाएं उपलब्ध कराई हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षण उपरांत बेहतर ईलाज हेतु आवश्यकतानुसार मेडिकल कॉलेज भेजा जाएगा। आयुर्वेद चिकित्सा विभाग द्वारा वैद्य आपके द्वार योजना प्रारंभ की गई है। कोई भी व्यक्ति इस एप्प के माध्यम से आयुष चिकित्सकों को कॉल करके स्वास्थ्य योजना का लाभ उठा सकता है। इसके साथ ही मेले में विभिन्न स्टॉल लगाए गए हैं, जहां संबंधित रोग का संबंधित परीक्षण किया जा रहा है। इस मौके पर रक्तदान शिविर भी लगा, जिसमें डॉ सुधीर आचार्य सहित आचार्य आनंद क्लब के सदस्यों सहित अनेक लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। उक्त कार्यक्रम मैं मंडल अध्यक्ष कल्ला शर्मा, एजीपी गणेश सिंह तोमर, गजेंद्र सिंह तोमर, बच्चू लाल गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर गिर्राज गौर, खुशी श्रीवास, उमेश जैन, कविंद्र सिंह तोमर, डॉ सुधीर आचार्य, खेम सिंह भदोरिया, श्रीमती कंचन चौहान, कृष्ण पाल सिंह तोमर, किशोरी गुप्ता, व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष विजय गुप्ता, बंटू तोमर, बल्ली तोमर, नूतन श्रीवास्तव, अजीत तोमर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## दुर्घटना रोकने चौराहे पर लगाए ड्रम व रेडियम



**मुरैना।** आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चौराहे के सामने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ड्रम पर रेडियम लगाकर वाहनों की स्पीड कम करने का इंतजाम किया है, ताकि उक्त पॉइंट पर दुर्घटना ना हो। गौरतलब है कि पूर्व में यहां कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और कई लोगों की जान जा चुकी है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देश पर यातायात सूबेदार अखिल सिंह एवं उनकी टीम ने न्यू हाउसिंग बोर्ड चौराहा एबी रोड पर दोनों साइड ड्रम रखकर वाहनों की स्पीड कम करने का इंतजाम किया है और उन पर रेडियम भी लगाया गया है, जिससे रात्रि में भी वह लोगों के लिए संकेत बन सके। यातायात पुलिस का मानना है कि इस व्यवस्था से काफी हद तक यहां चौराहे पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

## जनसुनवाई कक्ष से नदारद मिले 8 कर्मचरियों का कटेगा वेतन

**मुरैना।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनवसुनवाई की जाती है। जनसुनवाई के दौरान लोगों की समस्याओं को सुनवाने के लिये कलेक्टर श्री बी कार्तिकेयन ने 24 कर्मचारियों को कलेक्ट्रेट परिसर में तैनात किया है। ये कर्मचारी जनसुनवाई के दौरान बताये हुये कार्यो पर तैनात रहकर आवेदनकर्ताओं को गाइड के रूप में कार्य करते हैं। 19 अप्रैल को जनसुनवाई के दिन 8 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। इस पर जनसुनवाई कर रहे डिप्टी कलेक्टर सुरेश बरहादिया ने तत्काल 8 कर्मचारियों का अनुपस्थित रहने पर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश संबंधित शाखा को दिये हैं जिसमें अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के भृत्य बदन सिंह, स्वास्थ्य विभाग से सहायक ग्रेड-3 देवेन्द्र शाक्य, जिला कोषालय से भृत्य पाल सिंह, विद्युत मंडल से गणेशराम शर्मा, महिला बाल विकास विभाग से भृत्य संजू शर्मा, श्रीमती शशि बाई, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग से सहायक ग्रेड शशिभूषण यादव, शिक्षा विभाग के सहायक ग्रेड-3 सुरेश चंद शाक्य का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये हैं।

# कांग्रेस अनुसूचित जाति जागरण मंच संकल्प रथ यात्रा का सबलगढ़ में हुआ समापन

### कमरतोड़ महंगाई से आम जनता त्रस्त प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार में मस्त। पूर्व विधायक सिकरवार



**सबलगढ।** कांग्रेस व अनुसूचित जाति जनजाति जागरण मंच की संकल्प रथ यात्रा का समापन सबलगढ़ में सोमवार को हुआ। इस दौरान कांग्रेसी नेताओं ने बताया कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार जनता के साथ भद्दा मजाक कर रही है। कुछ दिनों में महंगाई इतनी बढ़ गई कि लोगों को परिवार का भरण पोषण करना मुश्किल हो रहा है, पेट्रोल, डीजल के दाम बढ़ने से किसानों को खेती करना मुश्किल हो रहा है, वही माल का भाड़ा बढ़ने से आवश्यक वस्तुओं के दामो बेतहाशा वृद्धि हो रही है। प्रदेश की जनता इसका जवाब 2023 विधानसभा चुनाव में अवश्य देगी। यह बात सोमवार को सबलगढ़ विधायक कार्यालय चंबल कॉलोनी में पूर्व विधायक सूबेदार सिंह सिकरवार ने प्रदेश सरकार के खिलाफ चल रही यात्रा के समापन पर विधायक बैजनाथ कुशवाह के सबलगढ कार्यालय पर आयोजित पत्रकारवार्ता में कहीं।

यह यात्रा 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पोरसा से प्रारंभ हुई, संकल्प यात्रा रविवार को सबलगढ़ विधानसभा पहुंची, जहां सबलगढ़ विधानसभा के विधायक बैजनाथ कुशवाह के नेतृत्व में यात्रा प्रारंभ होते हुए लुधाया, खेड़ा कला, माधौगढ़, झुण्डपुरा, हीरापुर, संजय नगर, किशोर गढ़, बेरई होते हुए सबलगढ़ पहुंची। संकल्प यात्रा का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी एवं अनुसूचित जाति जनजाति जागरण मंच के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। यात्रा के दौरान जगह-जगह आमसभा कर लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों से अवगत कराया गया। यात्रा में संयोजक एडवोकेट रामहेत पिपल, रामजीलाल माहौर, डॉ मुरारी लाल, लक्ष्मी दिनकर, मंजू सिकरवार, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सबलगढ़ के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह जादौंन, अशोक रामपुरी, धीरू श्रीवास्तव, अजय प्रताप सिंह जादौन, राजेश श्रीवास, लेखराम पचौरिया आदि शामिल हुए। इस दौरान सबलगढ़ में बुद्धाराम जाटव की प्रतिमा के समक्ष कार्यक्रम कर संकल्प रथ यात्रा का समापन किया गया। यात्रा के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता धीरू श्रीवास्तव द्वारा निजनिवास पर यात्रा का स्वागत किया गया।


## जनसुनवाई में 70 आवेदन पत्रों को सुना गया

### 26 आवेदन ऐसे पाये जिनका 24 घंटे में निराकरण किया जाना संभव

**मुरैना।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशन में प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई करने के निर्देश हैं।



जनसुनवाई के दौरान उन जरूरतमंद लोगों की समस्याओं को अधिकारियों द्वारा प्रातः 11 से 1 बजे तक सुनने के लिये निर्देश दिये गये हैं। निर्देशों के तहत कलेक्टर बी कार्तिकेयन के मार्गदर्शन में समस्त जिलाधिकारियों की जनसुनवाई कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में की जाती है। 19 अप्रैल को जनसुनवाई संयुक्त कलेक्टर सुरेश कुमार बरहादिया द्वारा की गई जिसमें 70 आवेदनकर्ताओं को सुना गया। जिसमें 26 आवेदन ऐसे पाये गये जिनका निराकरण 24 घंटे के अंदर किया जाना संभव था। उन्होंने तत्काल आवदेन व्हाटसएप के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को भेजे शेष आवेदन समय सीमा के अंतर्गत निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को ऑनलाइन के माध्यम से भेजे जा रहे हैं। जनसुनवाई में विशेषकर भूमि विवाद, अतिक्रमण, नामंतरण, महिला बाल विकास, पारिवारिक विवाद, खाद्यान्न, बीपीएल, पात्रता पर्ची, कन्या विवाह सहायता, ट्रायबल, राजस्व, किसान सम्मान निधी, जैसे आदि आवेदन प्राप्त हुये। उनका निराकरण समय सीमा में किया जा रहा है।




## मध्यान्ह भोजन वितरण एवं खाद्यान्न उठाव में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं: दफेदार सिंह



**कैलारस।** जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस के अंतर्गत 18 अप्रैल 2022 दोपहर 12 बजे जन शिक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौलहारी क्षेत्र के स्व-सहायता समूह एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सचिवों की एक महत्वपूर्ण बैठक शासकीय माध्यमिक विद्यालय पनिहारी में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए बीआरसीसी दफेदार सिंह सिकरवार ने कहा कि मध्यान्ह भोजन वितरण एवं दुकान से खाद्यान्न उठाव में किसी प्रकार की लापरवाही समूह द्वारा बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। माह मार्च में अप्रैल का एमडीएम का खाद्यान्न गेहूं चावल तत्काल उठाने के निर्देश दिए एवं मूंग वितरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर बैठक का संचालन बीएसी एवं एमडीएम प्रभारी फखरुद्दीन खान द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से जन शिक्षक सुभाष पाल सहित स्व-सहायता समूह के अध्यक्ष सचिव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुरैना के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के पालन में मूंग वितरण की आवश्यक तैयारियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए एमडीएम प्रभारी फखरुद्दीन खान ने कहा कि मूंग वितरण का कार्यक्रम समारोह पूर्वक आयोजित किया जावेगा।, जिसमें सभी बच्चों को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मूंग वितरण की जावेगी। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन द्वारा किया जावेगा।

# कुपोषण के खिलाफ जंग में आंगनबाडी व आशा कार्यकर्ताओं का उल्लेखनीय योगदान है: गुप्ता



**मुरैना।** कुपोषित व अतिकुपोषित बच्चों का बजन बढाने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में आंगनबाडी कार्यकर्ता/सहायिका व आशा कार्यकर्ताओं का उल्लेखनीय योगदान रहा है। इसलिए सामाजिक न्याय पखवाडा के पोषण अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का कार्यक्रम भाजपा महिला मोर्चा ने तय किया है। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष डा.योगेशपाल गुप्ता ने कही। जिलाध्यक्ष डा. गुप्ता, मंगलवार को महामाया मंदिर के सामने सिटी डिसपेंसरी में आयोजित पोषण अभियान में उपस्थित आशा कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं ने संस्थागत सुरक्षित प्रसव का लाभ हर गर्भवती महिला को दिलाने की दिशा में अच्छा कार्य किया है। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रीना डंडौतिया ने कहा कि प्रसव से पहले व प्रसव के बाद गर्भवती महिलाओं को अस्पताल से जोडने के लिए आशा कार्यकर्ताएं बेहतर सेवाएं दे रही हैं, इसलिए पोषण अभियान में महिला मोर्चा उनके सम्मान के लिए तत्पर है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रवक्ता तृप्ति कुलश्रेष्ठ ने कहा कि कुपोषित बच्चों का बजन बढाने के लिए आईसीडीएस की योजनाओं के क्रियान्वयन में जिले की 2660 आंगनबाढी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने पिछले बरसों में उत्कृष्ट कार्य किया है। इसलिए पोषण अभियान के दौरान प्रत्येक आंगनबाडी पर उनका सम्मान किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मोर्चा पदाधिकारियों ने अपने वार्ड की 5-5 आंगनबाडी कार्यकर्ता व सहायिकाओं का पुषपहारों से सम्मान किया। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं को फल व बच्चों को बिस्कुट वितरित किए। कार्यक्रम में प्रभारी ऊषा बांदिल, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष पार्वती राठौर, राधा सिकरवार, महामंत्री मीना भदौरिया, मीना गुर्जर, मंजू अग्रवाल, रेनु शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

# सीएम के निर्देश के बाद खाद्य सुरक्षा टीम हुई सतर्क, मिलावटखोर माफियाओ पर हुई कार्यवाही

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे







**भिण्ड**-बीते रोज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह द्वारा माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश अपने रावतपुरा प्रवास के दौरान दिये गये थे।इसी तारतम्य में श्रीमान कलेक्टर महोदय एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड के निर्देशन में दिनांक 19/04/2022 को समय दोपहर करीब 01ः30 बजे डीएसपी हेड क्वार्टर पूनमा थापा एवं थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक विनय सिंह तोमर अपने दल बल के साथ एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी अवनीश गुप्ता एवं श्रीमती रीना बंसल के द्वारा ग्राम अकोडा पथवरिया माता मंदिर के पास स्थित नीलकमल दुग्ध डेयरी पर छापामार कार्यवाही की गई।मौके पर हरिकमल शर्मा पुत्र कमलेश शर्मा उम्र 28 वर्ष उपस्थित था।जिसने बताया कि डेयरी का कारोबार उसका भाई नीलकमल शर्मा उम्र 30 वर्ष करता है। डेयरी का लायसेंस मांगे जाने पर भाई के पास होना बताया,मौके पर घर के निचले हिस्से में दुग्ध संग्रहण का कार्य किया जा रहा था मौके पर एक कमरे में 03 बोरी (75 कि.ग्रा.)सफेद पाउडर की बोरी तथा 01 प्लास्टिक के ड्रम में 32 लीटर लगभग दूध बनाने का तैयार घोल रखा हुआ था।एक अन्य कमरे में 02 टंकियों में लगभग 41 किलो घी रखा हुआ था।डेयरी परिसर में वनस्पति की एक लीटर की 15 खाली थैली भी पायी गई तथा डेयरी के बाहर खड़े एक टेंकर में लगभग 3200 लीटर मिश्रित दूध तथा डेयरी में 02 ड्रमों में लगभग 300 लीटर दूध संग्रहित पाया।खाद्य विभाग द्वारा मौके पर उपस्थित हरिकमल शर्मा से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत दूध पाउडर,घी एवं दूध बनाने का तैयार घोल के नमूने जांच हेतु लिये गये। नमूना उपरांत शेष बची सामाग्री को नियमानुसार डेयरी में पाये गये घी एवं अपद्रव्य सामाग्री को जप्त किया गया। जप्त शुदा सामाग्री का मूल्य 25280 रुपये है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती रीना बंसल के आवेदन पर थाना ऊमरी में आरोपीगण हरिकमल शर्मा,नीलकमल शर्मा पुत्रगण कलमेश शर्मा निवासीगण अकोडा के विरुद्ध धारा 420,272,273,34 भा.द.वि. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।सम्पूर्ण कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अवनीश गुप्ता,रीना बंसल व डीएसपी हैडक्वार्टर पूनम थापा व थाना प्रभारी विनय सिंह तोमर की अहम भूमिका रही।

## जागरूक महिला ही सामाजिक परिवर्तन की वाहकः संजीव नायक



अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

**लहार**-सामाजिक न्याय पखवाड़े के अंतर्गत आज नगर लहार में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ सहायकाओ को लेकर एक गोष्ठी सम्मान कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम में बोलते हुए कार्यक्रम के जिला प्रभारी संजीव नायक एडवोकेट ने कहा कि़ जागरूक महिलाये ही सामाजिक कुरीतियों को दूर कर सकती है विगत कुछ बर्षों से समाज में कुपोषण कन्या भ्रूण हत्या एव अन्य बुराइयों के विरुद्ध आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओ और सहायकाओ के सहयोग को कभी नहीं नकारा जा सकता है हम पूरे समाज की तरफ से उन्हें नमन कर उनका हृदय से सम्मान करते है संजीव नायक एडवोकेट ने कहा कि स्वस्थ समाज को बनाने में हम सबको अपने अपने स्तर पर सहयोग करना है माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी श्री शिवराज जी की महिलाओ के हित में उठाये गए कदम ही महिलाओ को सशक्त बना रहे है।कार्यक्रम में बोलते हुए अभिभाषक विकास बिरथरे ने महिला सशक्तिकरण के विषय में अपनी बात रखी उन्होंने कहा कि आँगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायका समाज में स्वास्थ्य शिक्षा पोषण के लिए सेवा भाव से कार्य करती है कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी कार्यकर्ता व् सहायका उपस्थित रही व् सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ।

## एडीएम ने जनसुनवाई में 52 आवेदनों पर दिए कार्यवाही के निर्देश



दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में फरियाद लेकर आने वाले वार्ड क्रमांक 25 तिलक नगर निवासी श्री शौकीराम एवं उनकी पत्नी श्रीमती श्याम देवी ने अवगत कराया कि उनको मिलने वाली वृद्धावस्था पेंशन 3 माह से नहीं मिल रही है। अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे ने फरियाद को संज्ञान में लेकर तत्काल वृद्धावस्था पेंशन योजना अंतर्गत शौकीराम एवं उनकी पत्नी श्रीमती श्याम देवी को प्रतिमाह 600-600 रूपये पेंशन भुगतान की स्वीकृति प्रदान की।जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ने 52 आवेदकों की गंभीर होकर फरियाद सुनी। जनसुनवाई कार्यक्रम में एसडीएम भिण्ड-अटेर श्री उदयसिंह सिकरवार सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं अपनी समस्याऐं लेकर आए शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे ने बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण, पेंशन, सडक दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋण, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने से संबंधित आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही जनसुनवाई में आए आवेदकों को उनके द्वारा दिए गए आवेदनों की पावती उपलब्ध कराई।

## चार ट्रेनों के स्टापेज समाप्त, बढी यात्रियों की परेशानी

**भोपाल।** कोरोना काल में बंद हुई तमाम ट्रेनें बहाल हो चुकी हैं, लेकिन संत हिरदाराम स्टेशन पर चार ट्रेनों का स्टापेज समाप्त कर दिया है। रेल उपयोगकर्ता समिति ने इन ट्रेनों का पुन-स्टापेज करने की गुहार डीआरएम से लगाई है।इन ट्रेनों से बड़ी संख्या में यात्री सफर करते थे। संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन को पश्चिम मंडल से हटाकर भोपाल रेल मंडल में शामिल होते ही यहां से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों का स्टापेज बढ़ाया गया था।

## गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा की सुरक्षा वृद्धि को लेकर धीरू दाँगी के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**दतिया।** अखिल भारतीय दाँगी क्षत्रीय युवा संघ के तत्वावधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मवीर सिंह धीरू दाँगी के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति व महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कमलेश भार्गव को गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा की सुरक्षा बढ़ाये जाने हेतु ज्ञापन सौंपा। मध्य प्रदेश के जिला खरगोन एवं सेंधवा में हुए सांप्रदायिक दंगों में घायल हुए पुलिस अधीक्षक व पुलिस कर्मियों को मद्देनजर मध्यप्रदेश शासन के गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने दंगाइयों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उनके मकानों पर बुलडोजर चलवाने के साथही उनके द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई बिना देरी किए हुए की गई। जिससे एक वर्ग विशेष दंगाइयों के समर्थन में एकजुट होता दिखाई दे रहा है। हाल ही में नीमच जिले में डॉ नरोत्तम मिश्रा गृहमंत्री मध्यप्रदेश शासन को दंगाई समर्थकों की रैली में डॉ मिश्रा के खिलाफ नारेबाजी करने के साथ ही व गोली मारने की खुलेआम धमकियां दी जा रही है। अतः उक्त दंगाइयों के



विरुद्ध अखिल भारतीय दांगी क्षत्रिय युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरू दांगी के नेतृत्व में जिला पंचायत सीईओ कमलेश भार्गव को ज्ञापन सौंपा। जिसमें गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा की सुरक्षा बढ़ाई जाए साथ ही दंगाइयों के समर्थकों पर कठोर वैधानिक कार्यवाही की जावे।ज्ञापन सौंपने वालों में चंद्रपाल सिंह दांगी भूपेंद्र सिंह दांगी सुभाष दांगी अभय दांगी पीयूष राय, मुकेश दाँगी, राघवेंद्र दाँगी, अजय दांगी एवं बड़ी संख्या में सजातीय बंधु उपस्थित रहे। उक्त जानकारी अभय दाँगी कामद ने दी

## ग्राम भदोरियापुरा बरबाई में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 21 अप्रैल 2022 को होगा प्रारंभ

गणेश शंकर राजोरिया
पुष्पांजलि टुडे

**अंबाह।** अंबाह के ग्राम भदौरिया पूरा में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 21 अप्रैल 2022 को किया जाएगा।और कथा व्यास ,बालव्यास शिवशक्ति पुत्र श्री ऋषभ देव जी महाराज द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा तथा परीक्षत के रूप में श्री मति इंद्रादेवीह्वश्री राजेंद्र प्रसाद पटसरिया है आयोजक श्री रामनरेश शर्मा । जिसमें गांव में




भागवत भ्रमण व भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा में कई श्रद्धालु शामिल रहेंगे भंडार व प्रसादी 29 अप्रैल 2021 को होगा। आगे इस विषय मैं 21 अप्रैल को कलस यात्रा, नारद भक्ति संवाद, धुंधकारी वाचन,24अप्रैल को शती चरित्र,ध्रुव चरित्र, प्रथु चरित्र,26 अप्रैल को नामकरण काली मर्दन,चीर हरण,गोवर्धन पूजा,27 अप्रैल को रुक्मिणी विवाह,28अप्रैल को सुदामा चरित्र,परीक्षित मोछ का वाचन होगा आप सभी नगर वासी आमंत्रित है

## ढाबे में लगी आग बाइक सहित लाखों रुपए का माल जलकर खाक

राकेश परिहार

**करेरा,** खबर करेरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली टीला से आ रही है जहां पर पटेल ढाबा में अचानक आग लग गई और उसमें रखा हुआ सारा सामान जलकर राख हो गया आग लगने



की वजह गैस सिलेंडर की लीक होने की वजह बताया जा रहा है ढाबे में रखा हुआ सारा सामान किचन का सामान गैस सिलेंडर टेबल कुर्सी बैटरी इनवर्टर खाने का राशन और नकदी रुपए और मोटरसाइकिल आदि भी बहुत सारा सामान जलकर खाक हो गया है जब ढाबे के मालिक अंकित लोधी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि है आग अचानक लगी और मैं कुछ पाता इतने में तो आग ने विकराल रूप ले लिया और मेरा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया है

## ग्वालियर में हुआ आज पुष्पांजलि टुडे मैगजीन एड फैशन सूट का लॉन्चिंग





ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर में गत दिवस के दिनों में एक फैशन सूट का आयोजन सुलेखा स्टूडियो पर रखा गया था इसमें बाहर से कई मॉडलों ने हिस्सा लिया राजस्थानी मध्य प्रदेश यूनिक तीनों पर सूट हुआ यह यह सूट आदित्य क्रिएशन केडीएस फोटोग्राफी ने कराया आदित्य सक्सेना अरविंद राठौर ने बताती हुए कहा कि इस सूट का फैशन को नई ट्रेन ले जाने का है यह सूट की लॉन्चिंग ह्द्दद्ध4 हाउस ऑफ स्टाइल डिजाइनर हाउस पर हुई जिसकी ऑनर दीपिका सिंह है उन्होंने बहुत ही सहयोग किया आदित्य जी ने बताया कि इस लॉन्चिंग में ग्वालियर की समाजसेवी मॉडल एक्टर्स गेस्ट अनीता ओड़िया मंजू पाठक फैशन डिजाइनर दीपिका सिंह मॉडल में स्वाति भारद्वाज करिश्मा तोमर शिखा कुशवाह तनु सिंह नेहा रजक अंजलि जैन पूनम सिंह उपस्थित रहे।

# शासकीय उचित मूल्य दुकानों का हो शत-प्रतिशत निरीक्षण

### खाद्यान्न वितरण न होने की स्थिति में हो कड़ी कार्रवाही

कलेक्टर श्री बी.कार्तिकेयन ने सभी एसडीएम को 10-10 दुकानें और तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों सहित खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों सहित बनाये गये नोडल अधिकारियों को निर्देश दिये है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। अगर किसी भी पर्ची पात्रताधारी को राशन नहीं मिला है और उसकी शिकायत आती है तो सीधे दुकान संचालक एवं प्रबंधक सैल्समेन के खिलाफ कार्रवाही की जायेगी। उचित मूल्य दुकानदारों को प्रधानमंत्री खाद्यान्न योजना के अलावा रेग्यूलर वितरित होने वाले खाद्यान्न का भी वितरण करना है। कलेक्टर ने कहा कि मुझे यह शिकायत नहीं मिलना चाहिये कि दुकान पर खाद्यान्न का आवंटन नहीं मिलने या खाद्यान्न का कम आवंटन मिलने से पात्रताधारी व्यक्ति को खाद्यान्न का वितरण नहीं हो पाया है।

कलेक्टर ने एसडीएम मुरैना श्री शिवलाल शाक्य को निर्देश दिये कि वे शहरी क्षेत्र की दुकानों की जांच अभी से शुरू करें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण में देखें



कि उनकी दुकान पर पंजीकृत पर्चीधारकों को राशन मिल रहा है अथवा नहीं, नहीं मिला है तो क्या कारण है। माह की एक तारीख से 15 तारीख तक राशन बट जाना चाहिये। अगर नहीं बटा है तो यह मान लिया जाये कि दुकान नहीं खुली है। कलेक्टर ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली की शिकायतों के मामले में मुझे जीरो टॉरलेन्स चाहिये। लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाही हो। वरिष्ठ अधिकारी रेण्डम जांच को जेएसओ को लगातार दुकानें की जांच करने का लक्ष्य सौंपा जाये। दुकानों पर जांच पंजी भी संधारित हो, जो भी जांच करने जाये, उस पंजी में अपनी टीप जरूर लगायें। खाद्यान्न नहीं मिलने की स्थिति में दुकानदार संचालक, सेल्समेन सहित जेएसओ से खाद्यान्न नहीं मिलने पर वसूली की जाये।

## प्रदेश के 490 अस्पतालों में नहीं है नियमित चिकित्सक

### भगवान भरोसे चल रहे प्रदेश के सैकडों अस्पताल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के 490 अस्पतालों नियमित चिकित्सक ही नहीं हैं। इन अस्पतालों या तो संविदा चिकित्सक हैं या फिर अस्पताल बिना डाक्टर के हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) ही नहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की भी यही हालत है। कुल मिलाकर देखा जाए तो प्रदेश के सैकडों अस्पताल भगवान भरोसे चल रहे हैं। प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के बड़े-बड़े दावे किया जाते हैं, लेकिन हकीकत इसके ठीक उलट है। जिन अस्पतालों में नियमित चिकित्सक नहीं हैं उनमें 44 सीएचसी और 446 पीएचसी है। सबसे बुरे हाल छिंदवाड़ा , बालाघाट, मंदसौर और डिंडौरी के सबसे बुरे हाल हैं। इन जिलों में ग्रामीण क्षेत्र ज्यादा है। इसके बाद भी 20 से ज्यादा अस्पतालों में चिकित्सक नहीं हैं। उधर, बड़े शहरों में खासतौर पर जिला अस्पतालों में स्वीकृत संख्या से भी ज्यादा चिकित्सक हैं।भारत सरकार ने इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड के आधार पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (भारत) ने हर अस्पताल के लिए डाक्टरों की न्यूनतम संख्या तय की है। साथ ही डाक्टरों को हर दिन कम से कम कितने मरीज देखने हैं यह भी तय कर दिया है, लेकिन अस्पतालों में डाक्टर ही नहीं रहेंगे तो मापदंड पूरा करना तो दूर गंभीर हालत में मरीजों को इलाज तक नहीं मिल पाएगा। इस बारे में मप्र चिकित्सा अधिकारी संघ के अध्यक्ष डा. देवेन्द्र गोस्वामी का कहना है कि नए डाक्टर सरकारी सेवाओं में नहीं आना चाहते। इसकी वजह यह कि प्रदेश में वेतन भत्ते कम हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में डाक्टरों के रहने की सुविधा नहीं है। कई बार उनके साथ मारपीट की नौबत भी आती है। इससे डाक्टरों में डर है। उन्हें निजी अस्पतालों में अच्छा पैकेज मिल जाता है। इस बारे में स्वास्थ्य मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी का कहना है कि जहां पर नियमित चिकित्सक नहीं हैं वहां संविदा वाले डाक्टरों को पदस्थ किया जा रहा है। लोक सेवा आयोग से भी नियमित भर्ती की जा रही है। बंधपत्र के तहत आने वाले डाक्टरों को भी पदस्थ किया जा रहा है। बहुत ही कम अस्पताल होंगे जहां कोई चिकित्सक मौजूद नहीं है।

# अगला विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे अजय सिंह

## कहा- मैं टिकट का दावेदार नहीं, पार्टी जिसको टिकट देगी कार्यकर्ता उसके साथ खड़े होंगे



**भोपाल।** प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी खुद को एकजुट बनाने की कोशिश में है। लेकिन उससे पहले लगातार असुंष्ट चल रहे अजय सिंह का बड़ा बयान सामने आया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने कहा वह विधानसभा चुनाव में टिकट के दावेदार नहीं हैं और चुनाव में पार्टी जिस व्यक्ति को टिकट देगी पार्टी कार्यकर्ता उसके साथ खड़े होंगे। भोपाल में आयोजित ओबीसी वर्ग के सम्मेलन में कांग्रेस नेता अजय सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं को भी इस बात की सलाह दी कि टिकट जिस व्यक्ति को मिले उसके साथ खड़े हों। अजय सिंह ने अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए माइक्रोमैनेजमेंट को जरूरी बताया. उन्होंने कहा वह चुनाव में टिकट के दावेदार नहीं हैं और पार्टी जिसे टिकट देगी उसके लिए प्रचार करेंगे। अजय सिंह के बयान को उनका अगले चुनाव नहीं लड़ने से जोड़कर देखा जा रहा है. हालांकि कांग्रेस नेता अरुण यादव ने कहा अजय सिंह कांग्रेस पार्टी की जरूरत हैं ऐसे में उनके टिकट का फैसला पार्टी करेगी।

### लगातार तीन चुनाव हार चुके हैं

अजय सिंह लगातार तीन बार चुनाव हार चुके हैं. विंध्य में कांग्रेस पार्टी का बड़ा चेहरा कहलाने वाले अजय सिंह 2014 में लोकसभा का चुनाव सतना से हारे. उसके बाद 2018 में अपने गढ़ चुरहट सीट से चुनाव हार गए. 2019 में हुए लोकसभा के चुनाव में सीधी से लड़ा चुनाव भी अजय सिंह हार गए. ऐसे में लगातार तीन चुनाव हारने के बाद अब अजय सिंह 2023 का चुनाव लड़ेंगे इसको लेकर अब संशय खड़ा हो गया है।

### बिना चुनाव ही घमासान

हालांकि चुनाव के डेढ़ साल पहले टिकटों के लिए कांग्रेस में हो रहे मंथन पर बीजेपी ने तंज कसा है. बीजेपी के प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल ने कहा अभी चुनाव हैं नहीं और कांग्रेस के अंदर टिकटों को लेकर मंथन और घमासान तेज

# 22 को भोपाल आ रहे हैं गृहमंत्री अमित शाह

## कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे, नेशनल फॉरेंसिंक साइंस यूनिवर्सिटी का ई भूमिपूजन करेंगे

**भोपाल।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 22 अप्रैल को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल आ रहे हैं। उनके भोपाल दौरे के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज़ हैं। भोपाल में अमित शाह करीब 6 घंटे तक रुकेंगे। इस दौरान वो केंद्रीय पुलिस अकादमी में अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही जंबूरी मैदान में तेंदूपत्ता संग्राहकों के हितग्राही सम्मेलन में शामिल होंगे। अमित शाह इस दौरान भोपाल को एक बड़ी सौगात भी देंगे। जंबूरी मैदान से ही अमित शाह भोपाल में बनने वाली नेशनल फॉरेंसिंक साइंस यूनिवर्सिटी का ई भूमिपूजन करेंगे. तय कार्यक्रम के मुताबिक वो सीएम हाउस में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ लंच करेंगे. शाम साढ़े चार बजे वो भोपाल से दिल्ली रवाना हो जाएंगे।



### आदिवासी सीटों पर नजर

अमित शाह के इस दौरे को काफी अहम माना जा रहा है. इससे पहले आदिवासियों को साधने के लिए उसी जंबूरी मैदान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवंबर महीने में आदिवासी गौरव दिवस में शामिल हुए थे. मध्य प्रदेश में आदिवासी वर्ग के लिए 47 सीटें आरक्षित हैं. 2013 में हुए विधान सभा चुनाव में 47 में से बीजेपी को 32 सीटों पर जीत मिली थी जबकि कांग्रेस को केवल 15 सीट मिली थीं. 2018 में हुए विधान सभा चुनाव में ये आंकड़ा पलट गया और बीजेपी के खाते में 16 सीट रह गई जबकि कांग्रेस को 30 सीट मिली थीं. बीजेपी अब इस गैप को भरने की कवायद में जुटी है।

## - युवक युवती घायल, आरोपी भाई सहित टक्कर मारने वाला ड्रायवर गिरफ्तार

# प्रैमी के साथ जा रही बहन को देख गुस्साये भाई ने उनकी बाईक से भिडा दिया लौडिंग वाहन

**भोपाल।** राजधानी के अयोध्या नगर थाना इलाके मे दो पहिया वाहन पर प्रैमी के साथ जा रही बहन को देख गुस्से मे आये लडकी के भाई ने अपने लौडिंग वाहन को तेज रफ्तार से लाकर उनके चलते वाहन मे जोरदार टककर मार दी। इस हादसे मे युवक युवती सडक पर जा गिरे, इसके बाद आरोपी भाई ने बहन के साथ ही उसके प्रैमी की जमकर धुनाई लगा दी। दोनों घायलो को अस्पताल मे इलाज जारी है। वही अयोध्या नगर पुलसि ने तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी भाई और उसके साथी ड्रायवर जो घटना के समय लोडिंग वाहन चला रहा था, दोनो को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार कोहेफिजा इलाके मे रहने वाली 20 साल की युवती की पास मे ही अहमदाबाद पैलेस में बने ईडब्ल्यूएस क्वार्ट्टर में रहकर पैटंर का काम करने वाले विजय हिरवे (22) नामक युवक से प्रैम प्रसंग है, ओर दोनो शादी करना चाहते है, लेकिन युवती के परिवार वाले राजी नही है। विजय ने पुलिस को बताया कि सोमवार दोपहर के समय 4 बजे शादी करने के इरादे से वो अपनी प्रेमिका के साथ एक साथ बाईक से जा रहे थे। उनके जाने की बात युवती के परिवार वालों को पता चल गई। इसी दोरान अयोध्या नगर इलाके मे युवती के भाई अंजीम मंसुरी ने उन दोनो को देख लिया। अजीम मैजिक वाहन से पानी की केन सप्लाई करने का काम करता है। ओर उस समय लौडिंग वाहन उसका साथी रवि रंगीले चला रहा था। बहन को युवक के साथ देखते ही अजीम ने उसे आवाज देकर रुकने को कहा। उसे देख विजय डर गया और डर के कारण उसने अपनी बाईक की स्पीड तेज कर दी, ओर किसी तहर अजीम से दूर भागने की कोशिश करने लगा। विजय कोहेफिजा से निकलकर भागते हुए अयोध्या बायपास तक जा पहुंचा। लेकिर आरोपी अजीम व ओर उसका दोस्त रवि रंगीले मैजिक वाहन से लगातार उनका पीछा करते रहे। अयोध्या बायपास मे मिनाल गेट नंबर दो के बाहर बने ब्रेकरों पर विजय ने गाड़ी की स्पीड कम की। इसी बीच लौडिंग वाहन चला रहे रवि ने पीछे से उनकी बाईक को टक्कर मार दी। घटना मे प्रैमी युगल को चोटे आई ओर वो घायल हो गये। वही गाडी से उतरे गुंस्साये अजीम ने बीच सडक पर ही उन दोनों की धुनाई उडा दी। वही उसके साथ रवि ने उन्हे जान से मार डालने की धमकी दी। हमें स्थानीय लोगों ने बचाया। आसपास के लोगो ने उन्हे पिटने से बचाया ओर पुलिस को सूचना दी। घायलो को उपचार के लिये हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया जहॉ से उन्हे उपचार के बाद घर भेज दिया गया। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर दोनो आरोपियो अजीम मंसूरी निवासी खानूगांव, थाना कोहेफिजा ओर उसके साथी वाहन चालक रवि रंगीले निवासी संत रविदास नगर थाना गोविंदपुरा को गिरफ़्तार कर लौडिंग वाहन को जप्त कर लिया है।

### पेपर देने आये सेकंड ईयर छात्र ने हमीदिया कॉलेज से छोटे तालाब में छलांग लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** पुराने शहर के तलैया थाना इलाके में स्थित हमीदिया कॉलेज के छात्र द्वारा कॉलेज के पीछे वाले हिस्से से तालाब में छलांग लगा कर खुदकुशी किये जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। सूचना मिलने पर पहुचे गोताखोरो ने काफी मशक्कत के बाद सर्चिंग करते हुए छात्र का शव बरामद कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार चांदवड में रहने वाला करीब 21 वर्षीय अनिकेत तिवारी सेकंड ईयर का छात्र है, जो हमीदिया कॉलेज में परीक्षा देने आया था। अनिकेत कॉलेज के ए ब्लॉक की दूसरी मंजिला बिल्डिंग पर पहुचां ओर वहॉ से अचानक ही छोटी झील में छलांग लगा दी। छात्र के अचानक तालाब मे छलाग लागने की घटना से सारे कॉलेज में हड़कंप मच गया। तुरंत ही इसकी सूचना तलैया पुलिस को दी गई। मौके पर डायल-100 की टीम भी पहुंची। वही हादसे की जानकारी नगर निगम फायर कंट्रोल मे भी दी गई, जिसपर नगर निगम के गोताखोरो ने तालाब मे सर्चिंग शुरु की ओर जल्द ही मृतक अनिकेत के शव को तालाब से बाहर निकाल लिया। मृतक की तलाशी के दौरान उसके पास से सेकंड ईयर का रोल नंबर, घर का पता और परिजनों के संबध मे भी जानकारी मिली। इस आधार पर पुलिस ने उसके परिवार वालो से संपर्क कर उन्हे हादसे की जानकारी दी। खबर मिलते ही मृतक छात्र के परिजन मौके पर पहुचं गये। पुलिस ने शुरुआती कार्यवाही के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिए गया। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जॉच मे मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे फिलहाल आत्महत्या के कारणो का खुलासा नही हो सका है। बताया गया है कि मृतक छात्र अनिकेत तिवारी घर में सब में छोटा था। पुलिस मृतक के परिवार वालो ओर उसके दोस्तो के ब्यान दर्ज करेगी।

# बीजेपी एमएलए ने ही उठाए शिवराज के बुल्डोजर पर सवाल

### शराब पर प्रतिबंध लगाने की दी सलाह



**भोपाल।** उमा भारती के अभियान को बीजेपी नेताओं का भी साथ मिलने लगा है। एमपी में दंगाइयों-बदमाशों के खिलाफ चल रहे बुलडोजर पर अब बीजेपी नेता ही सवाल उठाने लगे हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केबिनेट मंत्री अजय विश्नोई ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय विश्नोई ने अपनी ही सरकार को बुलडोजर के मसले पर घेरा है. उन्होंने कहा बुलडोजर चलाने के बजाय शराब बिक्री पर रोक लगाई जाना चाहिए। बीजेपी विधायक और असंतुष्ट नेता अजय विश्नोई हर बार सोशल मीडिया पर अपने ट्वीट और अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं. उनके अधिकांश बयान ट्वीट अपनी ही सरकार के खिलाफ होते हैं. इस बार भी उन्होंने अपनी सरकार को बुलडोजर के मामले में घेरते हुए ट्वीट किया है. उन्होंने लिखा मप्र को यदि उत्तरप्रदेश का अनुसरण करना है तो गांव गांव में बिक रही शराब को रोकें. बुलडोज़र के मुकाबले ज्यादा समर्थन मिलेगा ज्यादा वोट मिलेंगे।

### विवादों से पुराना नाता

अजय विश्नोई मंत्री रह चुके हैं. वो असुंष्ट माने जाते हैं. वो पार्टी विरोध बयानों के कारण चर्चा में रहते हैं. दमोह से सात बार विधायक रहे जयंत मलैया ने पिछले उप चुनाव में पार्टी की हार को जनता का विरोध बताया था. इस पर उन्हें नोटिस दिया गया था. उनके बेटे सिद्धार्थ मलैया को पार्टी से निकाल दिया गया था. इस बीच वरिष्ठ नेता और विधायक अजय विश्नोई ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर निशाना साधते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा था कि क्या हार की जवाबदारी टिकट बांटने वाले और चुनाव प्रभारी लेंगे।

# लीवर के दुश्मन बन रहे डायबिटीज और मोटापा

### ज्यादा फैट होने की स्थिति में लिवर हो जाता है खराब

**भोपाल।** लिवर के लिए शराब से भी बड़े दुश?मन मोटापा और डायबिटीज बन गए हैं। अभी तक मोटापा की वजह से हृदय संबंधी बीमारियां होना बताया जाता रहा है, लेकिन सच्चाई यह है कि डायबिटीज और मोटापा इन दोनों की वजह से लिवर में फैट जमा हो जाती है। ज्यादा फैट होने की स्थिति में लिवर खराब हो जाता है। इस अवस्था को सिरोसिस कहा जाता है। विश्व लिवर दिवस पर उदर रोग विशेषज्ञों (गैस्ट्रोएंटेरोलाजिस्ट) ने कहा कि आरामपसंद जीवन शैली की वजह से लिवर संबंधी बीमारियां बढ़ी हैं। राजधानी के उदर रोग विशेषज्ञ डा. संजय कुमार का कहना है कि करीब 10 साल पहले तक लिवर खराब होने की बड़ी वजह शराब का सेवन होता था, लेकिन अब मोटापा बढ़ने और डायबिटीज की वजह से लिवर फैटी होने से दिक्कत बढ़ी है। लिवर खराब होने के जितने भी मामले आ रहे हैं, उनमें 40 प्रतिशत की वजह यही है। इसके अलावा 30 प्रतिशत का कारण शराब का सेवन है। बाकी 30 प्रतिशत में हेपेटाइटिस बी, सी व अन्य बीमारियां हैं। गैस्ट्रो सर्जन डा. सुबोध वार्ष्णेय का कहना है कि लोग तली हुई चीजें खूब खा रहे हैं, लेकिन व्यायाम नहीं करते। इस कारण फैटी लिवर की बीमारी से पीड़ित हो रहे हैं। आम लोगों में 30 से 40 प्रतिशत को फैटी लिवर की बीमारी हो रही है। डायबिटीज मरीजों में करीब 70 प्रतिशत इस बीमारी की चपेट में हैं। ऐसे में जरूरी है डायबिटीज को नियंत्रित रखें। फैटी लिवर से बचने के लिए नियमित तौर पर व्यायाम करें। एक अन्य उदर रोग विशेषज्ञ डा. सारांश जैन का कहना है कि सिरोसिस लिवर खराब होने की अवस्था होती है।

# प्रदेश के 490 अस्पतालों में नहीं हैं नियमित चिकित्सक

### भगवान भरोसे चल रहे प्रदेश के सैकड़ों अस्पताल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के 490 अस्पतालों नियमित चिकित्सक ही नहीं हैं। इन अस्पतालों या तो संविदा चिकित्सक हैं या फिर अस्पताल बिना डाक्टर के हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) ही नहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की भी यही हालत है। कुल मिलाकर देखा जाए तो प्रदेश के सैकडों अस्पताल भगवान भरोसे चल रहे हैं। प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के बड़े-बड़े दावे किया जाते हैं, लेकिन हकीकत इसके ठीक उलट है। जिन अस्पतालों में नियमित चिकित्सक नहीं हैं उनमें 44 सीएचसी और 446 पीएचसी है। सबसे बुरे हाल छिंदवाड़ा , बालाघाट, मंदसौर और डिंडौरी के सबसे बुरे हाल हैं। इन जिलों में ग्रामीण क्षेत्र ज्यादा है। इसके बाद भी 20 से ज्यादा अस्पतालों में चिकित्सक नहीं हैं। उधर, बड़े शहरों में खासतौर पर जिला अस्पतालों में स्वीकृत संख्या से भी ज्यादा चिकित्सक हैं।भारत सरकार ने इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड के आधार पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (भारत) ने हर अस्पताल के लिए डाक्टरों की न्यूनतम संख्या तय की है। साथ ही डाक्टरों को हर दिन कम से कम कितने मरीज देखने हैं यह भी तय कर दिया है, लेकिन अस्पतालों में डाक्टर ही नहीं रहेंगे तो मापदंड पूरा करना तो दूर गंभीर हालत में मरीजों को इलाज तक नहीं मिल पाएगा। इस बारे में मप्र चिकित्सा अधिकारी संघ के अध्यक्ष डा. देवेन्द्र गोस्वामी का कहना है कि नए डाक्टर सरकारी सेवाओं में नहीं आना चाहते। इसकी वजह यह कि प्रदेश में वेतन भत्ते कम हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में डाक्टरों के रहने की सुविधा नहीं है। कई बार उनके साथ मारपीट की नौबत भी आती है। इससे डाक्टरों में डर है। उन्हें निजी अस्पतालों में अच्छा पैकेज मिल जाता है। इस बारे में स्वास्थ्य मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी का कहना है कि जहां पर नियमित चिकित्सक नहीं हैं वहां संविदा वाले डाक्टरों को पदस्थ किया जा रहा है। लोक सेवा आयोग से भी नियमित भर्ती की जा रही है। बंधपत्र के तहत आने वाले डाक्टरों को भी पदस्थ किया जा रहा है। बहुत ही कम अस्पताल होंगे जहां कोई चिकित्सक मौजूद नहीं है।,



# इंदौर को स्वच्छता, कल्चर, नवाचार सहित अनेक थीम में मिले 6 अवार्ड

**भोपाल।** केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सूरत (गुजरात) में इंडिया स्मार्ट सिटीज अवार्डस कांटेस्ट-2020 में विभिन्न थीम में उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्मार्ट सिटीज को अवार्ड वितरित किये। इंदौर को विभिन्न केटेगरी में 6 अवार्ड मिले। स्टेट अवार्ड में मध्यप्रदेश को दूसरा स्थान मिला है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने अवार्ड प्राप्त करने वाली स्मार्ट सिटीज को बधाई दी है।कल्चर थीम में इंदौर और चंडीगढ़ को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया। इसी थीम पर डिजिटल म्यूजियम बनवाने पर ग्वालियर को तीसरा स्थान मिला है। इंदौर को हेरिटेज के बेहतर संरक्षण पर यह आवर्ड मिला है। साथ ही इंदौर को स्वच्छता थीम पर म्युनिसिपल बेस्ट मेनेजमेंट सिस्टम के लिए तिरूपति के साथ संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया। इंदौर को इकोनामी थीम पर कार्बन क्रेडिट फाइनेंसिंग मेकेनिज्म के लिए, बिल्ट एनवायरमेंट थीम पर छप्पन दुकान के लिए, इनोवेशन अवार्ड में कार्बन क्रेडिट फाइनेंसिंग मेकेनिज्म और सिटी अवार्ड में इंदौर और सूरत को संयुक्त रूप से ओवरआल विनर का अवार्ड दिया गया।

# जीआई शीट की जगह लगा दी पोली कार्बोनेट शीट

### मामले की सांसद फिरोजिया ने की शिकायत

**भोपाल।** प्रदेश के उज्जैन क्षेत्र के सांसद अनिल फिरोजिया ने उज्जैन के त्रिवेणी संग्रहालय के सामने बनाई जा ही सरफेस पार्किंग के एक टेंडर में हुई छेड़छाड़ की शिकायत नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के आयुक्त से की है। शिकायत में सांसद ने कहा है कि स्वीकृत टेंडर में शामिल एस्टिमेट अनुसार जीआई शीट लगानी थी, पर आयटम बदलकर पोली कार्बोनेट की शीट लगवा दी। इससे प्रोजेक्ट की लागत बढ़ी और जीआई शीट लगने से मेंटेनेंस फ्री छांव के रूप में जो फायदा मिलना था वह भी नहीं मिल पाएगा। ऐसा ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया। जिस भी अधिकारी ने यह किया है, उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई कर मुझे अवगत कराएं। सूत्रों के अनुसार, सरफेस पार्किंग की छत पर सोलर पैनल के नीचे 25 लाख रुपये में पतरे डालने का टेंडर उज्जैन स्मार्ट सिटी कंपनी ने स्वीकृत किया था। महीनेभर में लोहे का दाम 30 फीसद बढ़ गया तो कंपनी ने ठेकेदार को नुकसान से बचाने के लिए नान एसओआर आइटम बदलकर 80 लाख रुपये की पोली कोर्बोनेट की शीट छत में लगवा ली थी। उज्जैन स्मार्ट सिटी कंपनी महाकाल मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन सुरक्षित पार्क कराने के लिए त्रिवेणी संग्रहालय के सामने 14 करोड़ रुपये से सरफेस पार्किंग जोन बनाया है। काफी कुछ धरातल पर आकार लेता दिखाई भी दे रहा है। पार्किंग में 28 बस, 250 कार और 400 मोटरसाइकिल पार्क होने का दावा है। यहीं 400 किलोवाट बिजली उत्पादन क्षमता का सोलर प्लांट भी स्थापित किया गया है। सोलर प्लांट का डिजाइन इस तरह का है कि जहां गाड़ियां खड़ी होंगीं, उस परिसर की छत सोलर पैनल की होगी। इसी काम में 25 लाख रुपये से सोलर पैनल के नीचे लोहे की जीआइ शीट लगाने का काम भी शामिल था। पिछले साल जब डीपीआर बनी थीं तो लोहे का रेट 50-55 रुपये किलो था। तीन सप्ताह पहले काम शुरू होने को आया तो लोहे का रेट बढ़कर 80 रुपये किलो हो गया।

## खाद्य मंत्री ने की गेहूं निर्यात की समीक्षा

# एमपी के गेहूँ की अनेक देशों में मांग, मिस्त्र ने दी आयात को मान्यता

**भोपाल।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री बिसाहूलाल सिंह ने बताया कि मिस्त्र (इजिप्ट) की शासकीय उपार्जन संस्था द्वारा भारत के गेहूँ के आयात को मान्यता प्रदान की है। खाद्य मंत्री सिंह वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में अप्रैल माह तक मध्यप्रदेश से गेहूँ निर्यात की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण गेहूँ की बम्पर पैदावार के बाद अनेक देशों में गेहूँ का निर्यात किया गया, जिससे विदेशी राजस्व की भी प्राप्ति हुई1



### विगत एक माह में प्रदेश से निर्यात गेहूँ

मंत्री सिंह ने बताया कि विगत एक माह में मध्यप्रदेश से देश के विभिन्न 8 स्थानों पर गेहूँ के 87 रेक भेजे गए। इनमें गांधी धाम में 17, कांडला में 16, मुंदरा में 08,खारी रोहर में 10, ध्रुब में 09, शिरवा में 08, विशाखापटनम में 09 और काकीनाडा में 10 रैक भेजे गए, जिससे 2 लाख 43 हजार 600 मीट्रिक टन गेहूँ निर्यात किया गया। इसके अलावा 2,116 से 59 लाख 24 हजार 800 मीट्रिक टन गेहूँ भेजा जाना है। उल्लेखनीय है कि मंत्रि-परिषद द्वारा लिए निर्णय के बाद निर्यातकों के पंजीयन हेतु ऑनलाईन पोर्टल प्रारंभ किया गया है। आगामी तीन दिनों में निर्यात डेशबोर्ड भी प्रारंभ हो जाएगा। निर्यातक एक्सपोर्ट हेल्पलाइन नंबर 18002333474 पर अपना विवरण दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका, मोजाम्बिक एवं जिम्बाब्वे के आयोजकों को लागत पत्रक भी प्रेषित किये जा चुके हैं।

### 460 करोड़ रुपए के गेहूँ का हुआ निर्यात

खाद्य मंत्री सिंह ने बताया कि वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में 15 अप्रैल तक 2 लाख 4 हजार 771 मीट्रिक टन गेहूँ का विदेशों में निर्यात किया गया। इसमें इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, हरदा, छिंदवाड़ा और दतिया से बांग्लादेश, इंडोनेशिया, श्रीलंका, यू.ए.ई., विएतनाम को गेहूँ निर्यात किया गया। जबकि भोपाल, गुना, टीकमगढ़, मुरैना, ग्वालियर और अन्य जिलों से इजिप्ट, फिलीपींस, जिम्बाब्वे एवं तंजानिया में गेहूँ निर्यात की पर्याप्त संभावनाएँ हैं। उन्होंने बताया कि गेंहूँ के निर्यात से लगभग 460 करोड़ 08 लाख रूपये का विदेशी राजस्व भी प्राप्त हुआ है। इस अवधि में सर्वाधिक गेहूँ इंदौर से 97 हजार 887 मी.टन एवं अन्य कुछ जिलों से न्यूनतम 3 हजार 370 मी. टन निर्यात किया गया। उन्होंने बताया कि कांडला, मुंदरा, न्हावा शेवा, विशाखापटनम, बांग्लादेश बॉर्डर बंदरगाहों के माध्यम से गेहूँ का निर्यात किया गया।

### 27.24 लाख मीट्रिक टन रबी फसलों का पंजीयन

खाद्य मंत्री सिंह ने बताया कि रबी उपार्जन में 27 लाख 24 हजार 999 मीट्रिक टन रबी फसलों के लिए पंजीयन कराया गया, जिसमें गेहूँ 19 लाख 81 हजार 506, चना 4 लाख 57 हजार 680, मसूर एक लाख 14 हजार 876 एवं एक लाख 70 हजार 937 मीट्रिक टन सरसों फसल के लिए पंजीयन शामिल है। यह पंजीयन 5017 उपार्जन केन्द्रों पर कराया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### 3 मई 2022 को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत नगर निगम कराएगा 1 हजार कन्याओं विवाह एवं निकाह

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत दिनांक 03 मई 2022 अक्षय तृतीय के अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित कराया जा रहा है। इस सम्मेलन में अपने बच्चों के विवाह कराने के लिए आप पंजीयन करा सकते हैं। इसके लिये शीघ्र आवश्यक दस्तावेज निगम के मुख्यालय स्थित कक्ष क्रमांक 6, सभी जनमित्र केन्द्रों, लोकसेवा केन्द्र, जनकल्याण शाखा एवं श्रम कल्याण में जमा कर पंजीयन करावें। उपायुक्त जनकल्याण डॉ अतिबल सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह एवं नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा शासन के निर्देशानुसार 1000 कन्याओं के विवाह, सामूहिक विवाह -निकाह समारोह के अंतर्गत कराने के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त डा यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार भवन संनिर्माण कर्मकार मंडल योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को सामाजिक न्याय विभाग द्वारा आयोजित सामूहिक सम्मेलन में कन्या का विवाह करने पर ही मुख्यमंत्री विवाह योजना का लाभ मिलेगा, उनके द्वारा अपने घर से विवाह करने पर योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं भी नगर निगम से संपर्क कर गरीब कन्याओं के विवाह एवं निकाह करा सकते हैं। विवाह एवं निकाह संस्कार का पूर्ण कार्य निःशुल्क कराया जावेगा। पात्रता हेतु ल?की की उम्र 18 वर्ष व ल?के की उम्र 21 वर्ष के प्रमाण पत्र, कन्या मप्र की मूल निवासी हो। इसके साथ ही कन्या का बैंक खाता नम्बर, वर व कन्या के फोटो, आधार नम्बर, समग्र आई.डी., म.प्र. का मूल निवासी प्रमाण पत्र तथा दो-दो फोटो आवेदन पत्र में लगाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए उपायुक्त जनकल्याण डॉ अतिबल सिंह यादव के मोबाइल नम्बर 9644405751 एवं लैंडलाइन नम्बर 0751-2455210 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

### भगवान परशुराम 'अस्त्र परशु' का अनावरण कराएं

**विधायक डॉ. सिकरवार ने कलेक्टर और आयुक्त नगर निगम को पत्र लिखा**



ग्वालियर। भगवान श्री परशुराम का अस्त्र परशु की स्थापना गांधी रोड़ चौराहे पर की गई है। मगर अब तक इसका अनावरण नही किया गया है। कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह और निगमायुक्त किशोर कन्याल को पत्र लिखकर मांग की है कि भगवान परशुराम जयंती दिनांक 3 मई 2022 से पहले ''परशु अस्त्र'' का लोकार्पण तत्काल कराया जाए। कलेक्टर और आयुक्त को लिखे पत्र में विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा है कि भगवान परशुराम सम्पूर्ण हिन्दू समाज के आराध्य/पूज्यनीय है। ''परशु अस्त्र'' का अनावरण/लोकार्पण नही किये जाने से ब्राहम्ण समाज में एवं धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों तथा धर्मगुरूओं में आक्रोश उत्पन्न हो रहा है। दिनांक 3 मई 22 को परशुराम जयंती के अवसर पर अथवा इस दिनांक के पूर्व गांधी रोड़ पर स्थापित ''परशु अस्त्र'' का लोकार्पण/अनावरण करवाया जावें। ''परशु अस्त्र'' का लोकार्पण/अनावरण भगवान परशुराम जयंती तक नही किये जाने पर, क्षेत्र का जन प्रतिनिधि होने के नाते मेरे द्वारा ब्राहम्ण समाज के वरिष्ठजनों/धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों तथा धर्मगुरूओं के साथ मिलकर, ''परशु अस्त्र'' का लोकार्पण/अनावरण भगवान परशुराम जयंती दिनांक 3 मई 2022 को किया जावेगा।

### पदीय दायित्वों के विरूद्ध लापरवाही बरतने पर जिला शिक्षा अधिकारी को नोटिस

ग्वालियर। आम जनों की समस्याओं की शिकायतों के निराकरण हेतु प्रदेश में प्रारंभ की गई सीएम हैल्पलाइन एवं जन-सुनवाई को गंभीरता से न लेना जिला शिक्षा अधिकारी का कृत्य पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही मानते हुए कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने माह अप्रैल का वेतन रोकने तथा अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिये कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण तथा नियंत्रण अपील नियम 16-क के तहत जिला शिक्षा अधिकारी श्री विकास जोशी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने नोटिस में कहा है कि कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित होने वाली अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में खुद उपस्थित न होकर अपने अधीनस्थों को भेजना तथा सीएम हैल्पलाइन की समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहना और शिक्षा विभाग की उपलब्धि सीएम हैल्पलाइन में 20वीं रैंक पर होना यह दर्शाता है कि आप अपने पदीय दायित्वों के प्रति अनुशासनहीनता एवं लापरवाही बरत रहे हैं। ऐसी स्थिति में क्यों न माह अप्रैल का वेतन रोका जाए और आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने हेतु सक्षम अधिकारी को प्रस्ताव भेजा जाए। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अपने नोटिस में स्पष्ट किया है कि कारण बताओ नोटिस का जवाब 24 घंटे के अंदर समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। जवाब समय पर प्राप्त न होने अथवा संतोषजनक न पाए जाने की स्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्रवाई संस्थित की जायेगी। जिसके लिये आप स्वयं व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे।

### एक अपराधी के खिलाफ 50 हजार का बंध-पत्र भरने का आदेश

ग्वालियर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने एक आदतन अपराधी को सदाचार बरतने के लिए संबंधित पुलिस थाने में 50 हजार रूपये का बंध पत्र भरने का आदेश जारी किया है। आदतन अपराधी रूपेश कैन पुत्र श्री लाखन सिंह जाटव उम्र 32 वर्ष निवासी पिछोर तिराहा फार्म ट्रेक एजेन्सी के पास वार्ड नं.-2 डबरा जिला ग्वालियर को पुलिस थाना डबरा में उपस्थित होकर 50 हजार का बंध पत्र संपादित करने का आदेश जारी किया गया है ।

# चेम्बर ऑफ कामर्स में आयोजित साहूकारी लायसेंस शिविर में 4 आवेदकों को मौके पर ही जारी किए गए साहूकारी लायसेंस





ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर के राजस्व विभाग द्वारा साहूकारी लाइसेंस के लिए मंगलवार को चेम्बर आफ कामर्स में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्राप्त 5 अवेदनों में से 4 का तत्काल निराकरण किया गया।

राजस्व अधीक्षक श्री लोकेन्द्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि चेम्बर आफ कामर्स के पदाधिकारियों की मांग पर नगर निगम ग्वालियर द्वारा चेम्बर आफ कामर्स में शिविर साहूकारी लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लाइसेंस शुल्क राशि 2 लाख 25 हजार 225 रुपए निगम कोष में जमा कराएगए। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, उपायुक्त श्री सुनील सिंह चौहान, सुश्री मिनी अग्रवाल, चेम्बर के मानसेवी सचिव श्री प्रवीण अग्रवाल सहित राजस्व विभाग का अमला एवं चेम्बर आफ कामर्स के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जल जीवन मिशन के तहत तेजी से परियोजनाओं का कार्य हो : संभाग आयुक्त श्री सक्सेना

### जल जीवन मिशन के संबंध में ग्वालियर-चंबल एवं सागर संभाग के अधिकारियों का प्रशिक्षण





ग्वालियर। केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में हर घर को टोंटी से पेयजल उपलब्ध कराने हेतु जल जीवन मिशन प्रारंभ किया गया है। मिशन के तहत सभी ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामवासियों को पेयजल की उपलब्धता टोंटी के माध्यम से हो, यह सुनिश्चित किया जायेगा। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केन्द्र, शाला भवनों में भी मिशन के तहत पेयजल उपलब्ध कराए जाने को प्राथमिकता में रखा गया है। शासन की मंशा अनुरूप ग्वालियर एवं चंबल संभाग में जल जीवन मिशन के तहत तेजी से कार्य किया जाए।

संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने यह बात मंगलवार को होटल तानसेन में ग्वालियर-चंबल एवं सागर संभाग के अधिकारियों के प्रशिक्षण में कही। जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता श्री के के सोनगरिया, मुख्य अभियंता श्री पी के मेदसवार, अधीक्षण यंत्री सागर डॉ. आर एस ठाकुर, अधीक्षण यंत्री पन्ना श्री महेन्द्र सिंह सहित ग्वालियर-चंबल संभाग के वरिष्ठ अधिकारी और जन अभियान परिषद सहित मिशन से जुड़ीं अन्य एजेन्सियों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने कहा कि मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये विभाग को एक सॉफ्टवेयर तैयार करना चाहिए, जिसमें कितनी परियोजनाओं में कार्य पूर्ण हुआ, कितने में प्रगति पर है की जानकारी हो। इसके साथ ही शाला भवन और आंगनबाड़ी भवनों की भी जानकारी इसमें शामिल की जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि जिन ग्राम पंचायतों की परियोजनायें पूर्ण हो गई हैं उनको हैण्डओवर करने की कार्रवाई भी तेजी के साथ की जाए।

## देहली के तालकटोरा स्टेडियम में राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 4 मई से, मध्यप्रदेश दिव्यांग क्रिकेट टीम का चयन



ग्वालियर। बीसीसीआई द्वारा गठित डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट कमेटी (डीसीसीआई) एवं फिजीकली चैलेन्ज क्रिकेट एशोसिएशन ऑफ इंडिया (पीसीसीएआई) के तत्वावधान में दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में दिनांक 4 मई 2022 से 6 मई 2022 तक आयोजित नेशनल सरदार पटेल टी-20 दिव्यांग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

मध्य प्रदेश दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव संजय सिंह तोमर एवं सह सचिव उमेश बाबू गुप्ता द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि हाल ही में बीसीसीआई द्वारा डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट कमेटी (डीसीसीआई) का गठन किया गया है। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन डीसीसीआई की देखरेख में किया जा रहा है। जिससे दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों का मनोबल बड़ा है और प्रतियोगिता से ही अच्छे खिलाड़ियों का चयन अंतर्राष्टीय स्तर पर खेलने वाली इंडिया की टीम के लिए किया जावेगा। उल्लेखनीय है कि अभी हाल ही में ग्वालियर में आयोजित प्रथम मध्यप्रदेश दिव्यांग क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया था। उक्त प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के खिलाडियों की 4 टीमें बनाई गई थी। उन्हीं चारों टीमों के खिलाड़ियों का बेस्ट परफॉर्मेंस आधार पर टीम का चयन चयनकर्ताओं द्वारा किया गया है।

**मध्य प्रदेश दिव्यांग टीम इस प्रकार है :** प्रदीप सिंह भदोरिया (कप्तान), प्रतीक द्विवेदी (उप कप्तान), संजय पाल, संजीव शर्मा, योगेंद्र भदौरिया, उदय पाल यह सभी खिलाड़ी ग्वालियर। सचिन सिसोदिया (राजगड़), राजेश गुर्जर (मुरैना), सूरजभान शर्मा (डबरा), गोपाल सिंह (रीवा), विजय यादव (बैतूल), प्रीतम सिंह (रतलाम), अब्दुल शहजाद (दमोह), नीरज टॉक एवं रामनिवास गुर्जर। स्टैंड बायः विकास पटले (हरदा), शुभम मिश्रा (अनूपपुर), अतुल गोस्वामी (सिवनी) एवं मोहित मेहरा (हरदा) को शामिल किया गया है। मध्य प्रदेश दिव्यांग क्रिकेट टीम के कोच संजय सिंह तोमर रहेंगे।

# अपर आयुक्त ने सुनी आमजनों की समस्यायें, सम्पत्तिकर के मामले का मौके पर ही किया निराकरण



ग्वालियर। आमजनों की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनसुनवाई के तहत आज नगर निगम ग्वालियर में अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता ने आमजनों की समस्याएं सुनी तथा उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही वार्ड 43 के निवासी श्री पुलकित द्वारा पिछले कई महीनों से नामांकन की रसीद न मिलने की शिकायत की जिस पर संबंधित कर संग्रहक को बुलाकर मौके पर ही संबंधित को नामांकन की रसीद दिलवाई गई।

सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों के नागरिकों द्वारा मुलभूत सुविधाओं के संबंधित विभिन्न आवेदन दिए गए जिनके निराकरण के लिए दिए। जनसुनवाई के दौरान विभागाधिकारी उपस्थित रहे। अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई आदि से संबंधित लगभग 3 दर्जन से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश उपायुक्त ने






# संसार में कर्मफल से कोई नहीं बच सकता, जैसे कर्म करोगे वैसा फल मिलेगा: मुनिश्री

### मुनिश्री ने विरागोदय तीर्थ पर सहयोग देने वालो को सम्मानित किया

ग्वालियर-ऺ संतों का काम मनुष्य को धर्म का मार्ग दिखाना है। जीवन में धन तो हर कोई कमा सकता है, लेकिन भक्ति करने का सौभाग्य हर किसी के नसीब में नहीं होता है। प्रभु भक्ति का धन जो कमा लेता है उसका कल्याण होता है। यह विचार मेडिटेशन गुरु मुनिश्री विहसंत सागर महाराज ने मंगलवार को थाटीपुर स्थित दिगंबर जैन गुलाबचंद की बगीची में धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मंच पर मुनिश्री विश्वसूर्य सागर महाराज मौजूद थे। मुनिश्री ने कहा कि संसार में कर्म फल से कोई नहीं बच सकता है। जैसे कर्म करोगे वैसे फल मिलेंगे। पी?ित जीव की सेवा से ब?कर कोई धर्म नहीं है।



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478